मुंबई (महाराष्ट्र) से प्रकाशित
हिन्दी दैनिक
# उत्तरशक्ति
हर खबर निष्पक्षता के साथ
मुंबई
वर्षः 7 अंक 246
बुधवार, 26 मार्च 2025
मूल्य 3 रुपए, पृष्ठ-6
RNI NO. MAHHIN/2018/76092
email ID- uttarshaktinews@gmail.com
www.uttarshakti.co.in

## फाइनेंस बिल 2025 लोकसभा से पास

**नई दिल्ली, 25 मार्च।** सोमवार को जबरदस्त हंगामे के बाद आज संसद के दोनों सदनों में एक बार फिर से सामान्य कामकाज हुआ। लोकसभा ने वित्त विधेयक 2025 को पारित कर दिया। विपक्षी सांसदों के तमाम संशोधन मतदान के दौरान गिर गए। यह विधेयक वित्तीय वर्ष 2025-2026 के लिए केंद्र सरकार के वित्तीय प्रस्तावों को क्रियान्वित करता है। इसके साथ ही लोकसभा ने राज्यसभा द्वारा पारित बॉयलर्स विधेयक 2024 पर चर्चा की। संसद ने बायलर विधेयक, 2024 को मंजूरी दी। राज्यसभा में आपदा प्रबंधन (संशोधन) विधेयक 2024 पर चर्चा हुई जिसे अमित शाह ने पेश किया था। कांग्रेस सांसद ने न्यायमूर्ति वर्मा का मुद्दा लोकसभा में उठाया, चर्चा की मांग की।

आपदा प्रबंधन में आर्थिक सहायता देने में कुछ राज्यों के साथ भेदभाव के विपक्ष के आरोपों को सिरे से खारिज करते हुए गृह मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को राज्यसभा में दावा किया कि पिछले दस साल में भारत आपदा प्रबंधन के मामले में राष्ट्रीय ही नहीं क्षेत्रीय एवं वैश्विक ताकत बनकर उभरा है तथा इसे दुनिया भी यह स्वीकार कर रही है। उच्च सदन में शाह ने आपदा प्रबंधन (संशोधन) विधेयक पर चर्चा का जवाब देते हुए कहा कि इसमें सत्ता के केंद्रीयकरण का कोई प्रश्न ही नहीं उठता है। उन्होंने कहा कि आपदा प्रबंधन के बारे में इस विधेयक में न केवल प्रतिक्रियात्मक रवैया अपनाने बल्कि पहले से तैयारी करने, अभिनव प्रयासों वाले और सभी की भागीदारी वाले रवैये को अपनाने पर जोर दिया गया है।



वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मंगलवार को लोकसभा में माल एवं सेवा कर (जीएसटी) से संबंधित विपक्ष के कई सदस्यों के आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि यह बात पूरी तरह निराधार है कि जीएसटी प्रगतिशील नहीं है। उन्होंने वित्त विधेयक, 2025 पर चर्चा का जवाब देते हुए यह भी कहा कि कॉरपोरेट कर में कटौती से निवेश में बढ़ोतरी हुई है। उनके जवाब के बाद सदन ने ध्वनिमत से वित्त विधेयक को मंजूरी दी। सीतारमण ने लोकसभा में कहा कि नया आयकर विधेयक संसद के आगामी मानसून सत्र में चर्चा के लिए लाया जा सकता है। सरकार ने मंगलवार को कहा कि भारत दुनिया में दूध का सबसे बड़ा उत्पादक देश है और उसने अगले पांच वर्षों में दूध उत्पादन वर्तमान 23.9 लाख मीट्रिक टन से 30 लाख मीट्रिक करने का लक्ष्य रखा है। केंद्रीय पशुपालन और डेयरी मंत्री राजीव रंजन सिंह नेलोकसभा में प्रश्नकाल में यह भी कहा कि जब से मोदी सरकार ने 2014 में राष्ट्रीय गोकुल मिशन (आरजीएम) शुरू किया है, तब से देश में दूध उत्पादन में 63.5 प्रतिशत की वृद्धि हुई है और सरकार को अगले तीन वर्षों में इसमें 15 प्रतिशत की और वृद्धि होने की उम्मीद है।

कांग्रेस सांसद मणिकम टैगोर ने लोकसभा में संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू पर गलतबयानी और सदन को गुमराह करने का आरोप लगाते हुए मंगलवार को उनके खिलाफ विशेषाधिकार हनन का नोटिस दिया।

टैगोर ने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को दिए नोटिस में आरोप लगाया कि रीजीजू ने सोमवार को निचले सदन में कर्नाटक के उप मुख्यमंत्री डीके शिवकुमार के कथित बयान को लेकर सदन को गुमराह किया।

## जस्टिस यशवंत के घर पहुंची जांच टीम, कैश मामले की हो रही जांच

**नई दिल्ली, 25 मार्च।** चीफ जस्टिस की ओर से गठित इंटरनल कमेटी जस्टिस यशवंत के घर पर जांच के लिए पहुंची। करीब 45 मिनट तक टीम जस्टिस वर्मा के आवास पर रही। हालांकि इस बात की जानकारी नहीं मिल पाई है कि जांच टीम की जस्टिस यशवंत से कोई बातचीत हुई या नहीं। 3 सदस्यी जांच कमेटी में कर्नाटक हाई कोर्ट के जज भी शामिल हैं। कैश मामले की जांच के लिए जांच कमेटी की टीम जस्टिस यशवंत वर्मा के घर पर पहुंची थी।



दिल्ली उच्च न्यायालय के न्यायाधीश यशवंत वर्मा के आवास पर 14 मार्च की रात आग लगने की घटना के दौरान सबसे पहले प्रतिक्रिया देने वालों में शामिल पांच पुलिसकर्मियों ने अपने फोन दिल्ली पुलिस मुख्यालय को सौंप दिए हैं। उच्च पदस्थ सूत्रों ने बताया कि इन उपकरणों का इस्तेमाल भारत के मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना द्वारा गठित न्यायाधीशों की तीन सदस्यीय समिति द्वारा की जा रही जांच में किया जाएगा, जिसका गठन आग लगने के दौरान कथित तौर पर नकदी पाए जाने के मद्देनजर किया गया है।

तुगलक रोड थाने के स्टेशन हाउस ऑफिसर समेत पांच पुलिसकर्मियों को दिल्ली पुलिस कमिश्नर संजय अरोड़ा ने अपने कार्यालय में बुलाया। पता चला है कि अरोड़ा ने उनसे जांच में सहयोग करने और कोई भी जानकारी देने में संकोच न करने को कहा। पांच पुलिसकर्मियों में एसएचओ, एक सब-इंस्पेक्टर, दो हेड कांस्टेबल और एक कांस्टेबल शामिल हैं। हेड कांस्टेबल में से एक जांच अधिकारी (आईओ) भी है।

## महिलाओं-व्यापारियों को परेशान करने वालों का स्वागत करेंगे यमराज: सीएम योगी

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को टोका-टोकी करने वालों पर कड़ा प्रहार करते हुए कहा कि अगर कोई महिलाओं या व्यापारियों को परेशान करने की कोशिश करेगा तो उसे 'यमराज' का सामना करना पड़ेगा। सीएम योगी दीन दयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखपुर में आयोजित 'भारतीय योग परंपरा में योगीराज बाबा गंभीरनाथ का योगदान' विषय पर दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी के उद्घाटन समारोह को संबोधित कर रहे थे।

सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि गोरखपुर शहर अब स्मार्ट सिटी बन गया है। सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। शहर की सफाई व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए उचित कदम उठाए जा रहे हैं...'अगर किसी ने किसी बेटी और व्यापारी को छेड़ा तो वो (सीसीटीवी कैमरे) हमें अपराध के लिए यमराज के घर जाने का भी एक रास्ता खोल देता है।' आदित्यनाथ ने आगे कहा कि पिछले 10 सालों में भारत बदल गया है और हर कोई हमारे देश में आना चाहता है।

उन्होंने कहा कि अगर आप इस ब्रह्मांड के रहस्यों के बारे में जानना चाहते हैं, तो भारत के उपनिषद इसका सबसे बड़ा भंडार हैं। यह हमारी समस्या थी कि हमने खुद को इससे (उपनिषदों) दूर कर लिया। परिणाम हमारे सामने हैं।

## रिश्वत मामले में एनएचएआई के जीएम समेत तीन अन्य को सीबीआई ने किया गिरफ्तार, करीब 1.18 करोड़ रुपये नकद बरामद

**नई दिल्ली, 25 मार्च।** केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) के महाप्रबंधक और तीन निजी व्यक्तियों को भ्रष्टाचार के आरोप में गिरफ्तार किया। उन्हें 15 लाख रुपये की रिश्वत लेते ही पकड़ लिया गया। सीबीआई के एक बयान के अनुसार, एनएचएआई के आरोपी महाप्रबंधक राम प्रीत पासवान ने कथित तौर पर एनएचएआई के अनुबंधों/कार्यों से संबंधित बिलों के प्रसंस्करण और पारित करने में अनुचित लाभ पहुंचाने के लिए 15 लाख रुपये की रिश्वत मांगी थी। इस मामले से जुड़ी तलाशी लेने पर सीबीआई को 1.18 करोड़ रुपये की नकदी (लगभग) बरामद हुई। सीबीआई ने पटना, मुजफ़्फरपुर, समस्तीपुर, बेगूसराय, पूर्णिया, रांची और वाराणसी में आरोपियों के आवासीय और आधिकारिक परिसरों में तलाशी ली। सीबीआई ने 22 मार्च को एनएचएआई के मुख्य महाप्रबंधक/महाप्रबंधक (जीएम)/अन्य वरिष्ठ रैंक के छह लोक सेवकों, एक निजी कंपनी, निजी कंपनी के चार वरिष्ठ



प्रतिनिधियों, जिसमें इसके दो जीएम, एक अन्य निजी ठेकेदार और अज्ञात अन्य लोक सेवक और निजी व्यक्ति शामिल हैं, सहित 12 आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया था। सीबीआई द्वारा दर्ज की गई एफआईआर में एनएचएआई क्षेत्रीय कार्यालय, पटना में तैनात मुख्य महाप्रबंधक (सीजीएम) और क्षेत्रीय अधिकारी (आरओ) वाईबी सिंह, उप महाप्रबंधक कुमार सौरभ, परियोजना निदेशक ललित कुमार, साइट इंजीनियर अंशुल ठाकुर और एजीएम अकाउंट्स हेमेन मेधी के नाम शामिल हैं।

## आतिशी का बीजेपी पर तंज, काम कम, जुमले ज्यादा

**नई दिल्ली, 25 मार्च।** दिल्ली सरकार के बजट को लेकर आम आदमी पार्टी भाजपा पर हमलावर हो गई है। पूर्व सीएम और विपक्ष की नेता आतिशी ने एक्स पोस्ट में लिखा कि भाजपा की विपदा सरकार ने दिल्ली को हवा-हवाई बजट दिया। उन्होंने लिखा कि 1 लाख करोड़ के बजट का कोई आर्थिक आधार नहीं है, वरना Economic Survey छुपाने की जरूरत क्यों पड़ती? मैं रेखा गुप्ता जी को चैलेंज देती हूं–Economic Survey के आंकड़े सार्वजनिक करें। दूध का दूध, पानी का पानी हो जाएगा।

आप नेता ने आगे कहा कि इस बजट ने बीजेपी की नीयत भी सामने ला दी है। 1. सरकारी स्कूलों को ठप करना -10 साल में पहली बार हुआ है, जब शिक्षा



का बजट 20% से भी कम कर दिया, ताकि सरकारी स्कूल बर्बाद हो जाए। 2. मुफ्त इलाज बंद करना - 10 साल में पहली बार स्वास्थ्य का बजट घटकर 13% तक कर दिया गया, ताकि गरीबों का फ्री इलाज बंद हो जाए। 3. सफाई व्यवस्था को ठप करनाझ पहली बार हुआ है जब टउऊका बजट घटा है। MCD का बजट जो साल 2024-25 में 8423 करोड़ था। उसे 1526 करोड़ घटाकर इस बार 6897 करोड़ कर दिया है।

उन्होंने कहा आज रेखा गुप्ता जी ने अपने 2 घंटे के भाषण में 1.5 घंटे सिर्फ AAP और अरविंद केजरीवाल जी को गालियाँ देने में बिता दिए। शायद उन्हें अब तक एहसास ही नहीं हुआ है कि चुनाव खत्म हो चुके हैं, उनकी सरकार बन चुकी है। अब गाली देने का नहीं, काम करने का समय है।

लेकिन आज भी उन्होंने एक बार फिर अपना असली एजेंडा साफ कर दिया– काम कम, जुमले ज्यादा; 5 साल सिर्फ गाली-गलौच का इरादा..। आप दिल्ली अध्यक्ष सौरभ भारद्वाज ने कहा कि बीजेपी ने दिल्ली की जनता से जो वादे किए हैं, उन्हें इस बजट में पूरा किया जाना चाहिए। अगर इस बजट में उनके आवंटन को देखा जाए, तो इसका मतलब है कि सरकार इस साल उन वादों को पूरा करेगी। अगर बीजेपी अपने वादों के लिए पैसे आवंटित करती है, तो वह उन वादों के लिए काम भी करेगी। अगर वे ये आवंटन नहीं करते हैं, तो इसका मतलब है कि उनके दिमाग में चोर है।

## राज्यसभा में अमित शाह ने विपक्ष पर साधा निशाना

**नई दिल्ली, 25 मार्च।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने आपदा प्रबंधन (संशोधन) विधेयक, 2024 पर राज्यसभा में चर्चा का जवाब दिया। उन्होंने कहा कि कुछ सदस्यों ने सवाल उठाया कि संशोधन की क्या जरूरत है। मैं उनसे कहना चाहता हूं कि अगर समय रहते किसी इमारत की मरम्मत नहीं की जाती है तो वह गिर जाती है। विपक्ष पर तंज सकते हुए शाह ने कहा कि उन्हें लगता है कि शायद वे आकर इसे बदल देंगे लेकिन अगले 15-20 साल तक किसी की बारी नहीं



आएगी। जो करना है, हमें करना है।

शाह ने कहा कि 2005 में पहली बार आपदा प्रबंधन अधिनियम लागू किया गया था। इसके तहत NDMA, SDMA और DDMA का गठन किया गया। अब चिंता जताई जा रही है कि सत्ता का केंद्रीकरण हो जाएगा। अगर आप पूरे विधेयक को ध्यान से पढ़ेंगे तो क्रियान्वयन की सबसे बड़ी जिम्मेदारी जिला आपदा प्रबंधन की है जो राज्य सरकार के अधीन है। इसलिए संघीय ढांचे को कहीं भी नुकसान पहुंचाने की संभावना नहीं है। शाह ने दावा किया कि किसी राज्य को कम मदद नहीं मिलेगी।

राज्यसभा में अमित शाह ने कहा कि आपदा का सीधा संबंध जलवायु परिवर्तन से है। उन्होंने कहा कि स्थानीय स्तर पर भी प्लानिंग की अपेक्षा है। उन्होंने यह भी कहा कि आपदा प्रबंधन केंद्र, राज्यों दोनों का विषय है। उन्होंने कहा कि हम सभी को यह स्वीकार करना होगा कि पिछले 10 वर्षों में आपदा प्रबंधन के क्षेत्र में जो परिवर्तन हुए हैं, उससे हम राष्ट्रीय ही नहीं, क्षेत्रीय और वैश्विक शक्ति के रूप में उभरे हैं। यह विधेयक भारत की सफलता की कहानी को लंबे समय तक कायम रखने के लिए है।

## छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा जिले में सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में तीन नक्सली मारे गए

**दंतेवाड़ा।** पुलिस ने बताया कि आज (25 मार्च) छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा जिले में सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में तीन नक्सली मारे गए। यह ताजा मुठभेड़ सुरक्षा बलों द्वारा बीजापुर और कांकेर जिलों में दो अलग-अलग मुठभेड़ों में 30 नक्सलियों को मार गिराने के कुछ दिनों बाद हुई है। बस्तर पुलिस के अनुसार, सुरक्षा बलों की एक टीम ने दंतेवाड़ा-बीजापुर के अंतर-जिला वन सीमा क्षेत्र में माओवादियों की मौजूदगी के बारे में विशेष खुफिया जानकारी के आधार पर माओवादी विरोधी अभियान शुरू किया। सुबह करीब 8 बजे माओवादियों और सुरक्षा बलों के बीच मुठभेड़ हुई, जिसमें तीन माओवादी मारे गए। घटनास्थल से विस्फोटकों के अलावा हथियारों का एक बड़ा जखीरा भी बरामद किया गया। मुठभेड़ अभी भी जारी है। उन्होंने बताया कि इलाके में अभी भी अभियान जारी है और विस्तृत जानकारी की प्रतीक्षा है। 2025 में 100 से अधिक नक्सली मारे जाएंगे इस मुठभेड़ के साथ ही वर्ष 2025 में छत्तीसगढ़ के विभिन्न हिस्सों में मुठभेड़ों में 100 से अधिक नक्सली मारे जा चुके हैं।









# संघ के कर्नाटक-मंथन में नये संकल्प-नयी दिशाएं



-ललित गर्ग

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा की तीन दिवसीय बैठक अपने स्थापना के शताब्दी वर्ष प्रवेश के पावन एवं ऐतिहासिक अवसर पर बेंगलुरु में सफलतापूर्णक एवं ऊर्जामय माहौल में संपन्न हुई, जिसमें औरंगजेब विवाद, तीन-भाषा फॉमूर्ला, परिसीमन और बांग्लादेश में हिंदुओं की स्थिति पर चर्चा ने एक अपूर्व वातावरण का निर्माण किया। जिसमें दुनिया में शांति और समृद्धि लाने के तर्क पर एक सौहार्दपूर्ण और संगठित हिंदू समाज के निर्माण का आह्वान किया गया। इसमें संघ प्रमुख मोहन भागवत, महासचिव दत्तात्रेय होसबोले, भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा और भाजपा महासचिव बीएल संतोष सहित आरएसएस से जुड़े 32 संगठनों के प्रमुखों ने भाग लिया। आरएसएस की स्थापना विशेष रूप से भारतीय हिन्दू समाज में राष्ट्रीयत्व भाव जागृत करने, हिन्दुओं को संगठित करने एवं हिन्दू समाज के बीच समरसता स्थापित करने के उद्देश्य से हुई और इन सौ वर्षो में न केवल इन लक्ष्यों को हासिल किया गया है बल्कि अनेक रचनात्मक एवं सृजनात्मक गतिविधियों एवं योजनाओं के साथ अपनी एक स्वतंत्र एवं अलग छवि का निर्माण किया है। इस वर्ष की वार्षिक बैठक न केवल विशेष बल्कि नवीन संकल्पों की वाहक बनी है, क्योंकि बैठक ने सकारात्मक क्रांतिकारी विचारों से न केवल राष्ट्र में सक्रिय नकारात्मक एवं अराष्ट्रीय ताकतों को सख्त संदेश दिया गया बल्कि पडौसी बांग्लादेश-पाकिस्तान-चीन आदि देशों की कुचेष्टाओं के लिये ललकारा भी गया एवं सावधान भी किया गया है। अठहत्तर वर्ष की देहरी पर खड़े होकर राष्ट्र के अतीत को देखा-परखा जाए तो ऐसा लगता है कि अब राष्ट्र का कायाकल्प हो रहा है। मूलभूत आस्थाओं एवं राष्ट्रीयता के दृढ़ीकरण के साथ देश में जो नई चेतना आई है, वह संघ जैसे शक्तिशाली संगठन का जीवंत साक्ष्य है। राष्ट्रीयता, स्व-पहचान, स्वदेशी-भावना, हिन्दू-संस्कृति के ऊर्जा के अक्षय स्रोतों की खोज में जो प्रयत्न किया जा रहा है, वह अभूतपूर्व है। जन-आकांक्षा के अनुरूप राष्ट्र को जिस युगीन परिवेश में प्रस्तुति दी जा रही है, वह असाधारण है। इन सब परिवर्तनों-परिवर्धनों एवं राष्ट्र को सशक्त करने के बावजूद संघ की सादगी का सौन्दर्य निराला है और कर्नाटक बैठक इसी सादगी के सौन्दर्य के अनूठेपन को लिये हुई थी।

दुनिया के सबसे बड़े स्वयंसेवी संगठन ने अपनी अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा में सभी स्वयंसेवकों से आग्रह किया कि वे पूरे समाज को सज्जन शक्ति के नेतृत्व में एकजुट कर, दुनिया के सामने एक संगठित और सामंजस्यपूर्ण भारत का आदर्श प्रस्तुत करें। इसमें बैठक में मुख्य रूप से कहा गया है कि भारत एक प्राचीन और समृद्ध संस्कृति वाला देश है और इसमें एकजुट दुनिया बनाने का अद्भुत ज्ञान एवं सक्षमता है। आरएसएस ने यह भी कहा कि उनका उद्देश्य पूरी मानवता को विभाजन और विनाश की प्रवृत्तियों से बचाना है और सभी जीवों के बीच शांति और एकता की भावना को बढ़ावा देना है। इसके अलावा, आरएसएस ने हिंदू समाज को अपने वैश्विक उत्तरदायित्व को पूरा करने के लिए संगठित और सामूहिक जीवन की आवश्यकता पर बल दिया है, जो धर्म पर आधारित आत्मविश्वास से भरा हो। साथ ही बैठक में पारित प्रस्तावों में यह भी कहा गया कि सभी प्रकार के भेदभावों को खारिज कर, एकजुट आचरण और पर्यावरण के अनुकूल जीवन शैली को अपनाते हुए हमें एक आदर्श समाज का निर्माण करना चाहिए। यह समाज भौतिक समृद्धि के साथ-साथ आध्यात्मिकता से भी परिपूर्ण होगा, जो समाज की समस्याओं का समाधान करेगा और चुनौतियों को कम करेगा। इस वर्ष की बैठक का हर बोल अनमोल है, हर चरण एक मंजिल है, हर संकल्प नये भारत-सशक्त भारत की दिशा है और हर क्रिया एक सन्देश है। संघ का जीवन और दर्शन, विचार और सोच अन्तरमन को कुरेदने वाली ऐसी प्रेरणा है जो जागृत अवस्था में सोने वाले लोगों का झकझोर देती है।

इस बैठक की खास बात यह रही है कि इसमें संघ की तरफ से भाजपा के बारे में सीधे सवालों से दूरी बनाए रखी गयी। हालांकि, परिसीमन के मुद्दे पर दक्षिण के राज्यों में सीटें कम नहीं होने को लेकर भाजपा को संदेश भी दे दिया। परिसीमन को लेकर संघ ने साफ कहा कि दक्षिणी राज्यों का लोकसभा में अनुपात वही रहेगा। इसके साथ ही संघ ने तीन-भाषा फामूर्ले पर संतुलित रुख बनाए रखा गया। ऐसे समय में जब भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार और तमिलनाडु सरकार त्रिभाषा फामूर्ले को लेकर असमंजस में हैं, आरएसएस ने इस विवाद को दरकिनार करते हुए मातृभाषा, व्यक्ति के निवास स्थान की क्षेत्रीय भाषा तथा करियर की भाषा, जो अंग्रेजी या कोई अन्य भाषा हो सकती है, के उपयोग की वकालत की है। संघ ने महाराष्ट्र में मुगल बादशाह औरंगजेब को लेकर चल रहे विवाद को लेकर मुगल शासक की तीव्र एवं तीखी आलोचना की। खास बात यह देखने को मिली कि संघ की तरफ से औरंगजेब की आलोचना के साथ ही उसके भाई दारा शिकोह का जश्न भी मनाया, क्योंकि दारा शिकोह सामाजिक सद्भाव में विश्वास करने वाला व्यक्ति था। दत्तात्रेय होसबाले ने कहा कि भारत के मूल्यों के खिलाफ जाने वाले लोगों को आदर्श बनाया गया था। औरंगजेब भारत के लोकाचार के खिलाफ था और अगर वैसी ही आक्रमणकारी मानसिकता अभी भी मौजूद है तो यह देश के लिए खतरा है। जो इस भूमि की सांस्कृतिक विरासत को नष्ट करने की कुचेष्ठा भी है। निश्चित ही इस तरह कोई विकृत संस्करण या नैरेटिव प्रस्तुत करना चाहता है, तो उसका मुकाबला किया ही जाना चाहिए।

कर्नाटक बैठक की टंकार में संघ ने बांग्लादेश में हिंदुओं के खिलाफ अत्याचारों पर गंभीर चिंता व्यक्त की। बांग्लादेश के हिन्दू समाज के साथ एकजुटता से खड़े होने का आह्वान शीर्षक वाले एक प्रस्ताव में अंतरराष्ट्रीय ताकतों और ह्यअमेरिका में डीप स्टेट के प्रयासों का उल्लेख किया गया। संघ ने स्पष्ट किया कि बांग्लादेश में हिंदुओं की जिम्मेदारी भारत की है और हम इस कर्तव्य से बच नहीं सकते। निश्चित ही धार्मिक संस्थानों पर व्यवस्थित हमलों, क्रूर हत्याओं, जबरन धर्मांतरण और हिन्दुओं की संपत्तियों को नष्ट करने के चक्र ने बांग्लादेश में हिन्दू समुदाय के लिए अस्तित्व का संकट पैदा कर दिया है। इसलिये संघ द्वारा धार्मिक असहिष्णुता और मानवाधिकारों के उल्लंघन के इन कृत्यों की कड़ी निंदा की गई है और वैश्विक समुदाय से निर्णायक कार्रवाई करने का आग्रह किया गया है। इस बैठक ने हिन्दुओं को आश्वस्त किया कि बांग्लादेश में हिंदुओं के भविष्य में कोई मुश्किल स्थिति आती है, तो हम पीछे नहीं हट सकते। अगर ऐसी स्थिति आती है, तो हम उसका समाधान करेंगे। भाजपा के नये अध्यक्ष के चयन को लेकर भी संघ ने स्पष्ट किया कि भाजपा के नए अध्यक्ष के चयन को लेकर उसका पार्टी के साथ कोई मतभेद नहीं है। संघ ने कहा कि यह निर्णय पूरी तरह से भाजपा पर निर्भर है। भाजपा की प्रक्रिया चल रही है, सदस्यता पूरी हो चुकी है और विभिन्न स्तरों पर समितियों का गठन हो चुका है। आने वाले दिनों में भाजपा अध्यक्ष का चुनाव होगा। इससे पहले चर्चा चल थी कि भाजपा और आरएसएस किसी उपयुक्त उम्मीदवार पर सहमत नहीं हो पाए हैं। जिससे दोनों संगठनों के बीच टकराव की अटकलें लगाई जा रही हैं। कर्नाटक बैठक से एक बार फिर पुरजोर तरीके से उजागर हुआ कि संघ हिन्दू सनातन संस्कृति को भारत के जन-जन के मानस में प्रवाहित करने का सफल एवं सार्थक कार्य करने को प्रतिबद्ध है। ताकि प्रत्येक भारतीय के मन में राष्ट्रीयता की भावना जागृत हो एवं उनके लिये भारत प्रथम प्राथमिकता बन सके। यह कार्य संघ अपने स्वयंसेवकों द्वारा समाज के बीच जाकर करने का प्रयास करता है और यह कार्य आज पूरे विश्व में शांति एवं समरसतापूर्ण जीवन स्थापित करने के लिये एक जरूरी आवश्यकता है। पिछले आठ दशकों में लगातार हिन्दू-संस्कृति को कमजोर करने की राजनीतिक चालों को भी संघ ने समय-समय पर आड़े हाथ लिया है। दरअसल हिन्दू धर्म नहीं, विचार है, संस्कृति है। हिन्दू राष्ट्र होने का अर्थ धर्म से न होकर हिन्दू संस्कृति के सर्वग्राही भाव से है। हिन्दू संस्कृति उदारता का अन्तर्निहित शंखनाद है क्योंकि पूरे विश्व में यह अकेली संस्कृति है जो बहुविचारवाद यानी सभी धर्म, विचार एवं संस्कृतियों को स्वयं में समेटे हैं। कर्नाटक बैठक हिन्दू संस्कृति के वृहद स्वरूप का ही सौपान बनी है।

# बिहार में इफ्तार पार्टी के बहाने पार्टियों ने किया अपनी ताकत का प्रदर्शन



अशोक भाटिया

बिहार में विधानसभा चुनाव की बिसात बिछाई जाने लगी है। चुनावी माहौल के बीच रमजान का महीना चल रहा है, जिसके चलते रोजा इफ्तार दावत की बहार देखने को मिल रही। सियासी पार्टियां रोजा इफ्तार के बहाने मुस्लिम समुदाय वोटबैंक को साधने की है, जिसके लिए नमाज पढ़ने वाली टोपी लगाने से लेकर गमछे को पहनने से गुरेज नहीं कर रहे हैं। इस तरह मुस्लिम रंग में रचे-बसे हुए नेता नजर आ रहे हैं, किसी की दावत में जाने से मुस्लिम तंजी में इनकार कर रही तो किसी की महफिल में जाने को बेकरार हैं। इस तरह बिहार में मुस्लिम पॉलिटिक्स होती दिख रही है?

आज राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद की तरफ से इफ्तार पार्टी का आयोजन किया गया। लालू प्रसाद के इफ्तार पार्टी में मुस्लिम संगठनों के लोग और वामपंथी दल और कांग्रेस के कुछ विधायक शामिल हुए। कांग्रेस के बड़े नेताओं ने इफ्तार पार्टी से दूरी बनाई। यही नहीं वीआईपी के मुकेश भी नहीं पहुंचे। कांग्रेस के कई वरिष्ठ नेता कह चुके है कि अबकी चुनाव में उन्हें बड़ा हिस्सा नहीं मिला तो वो अकेले चुनाव लड़ेगी। ज्ञात हो कि रमजान के महीने में हर साल राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव इफ्तार पार्टी का आयोजन करते हैं। लालू प्रसाद हर साल अपने सरकारी आवास 10 सर्कुलर रोड पर इफ्तार पार्टी का आयोजन करते थे। लेकिन आज लालू प्रसाद पार्टी के वरिष्ठ नेता और विधान परिषद के सदस्य अब्दुल बारी सिद्दीकी के सरकारी आवास 12 स्ट्रेंड रोड पर किया गया इफ्तार पार्टी में लालू प्रसाद यादव खुद एक्टिव दिखे। इफ्तार पार्टी में लालू प्रसाद, पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी, बिहार विधानसभा में विरोधी दल के नेता तेजस्वी प्रसाद यादव, अब्दुल बारी सिद्दीकी, शिवानंद तिवारी सहित राजद के सभी विधायक महागठबंधन के सहयोगी वामपंथी दलों के नेता और कई विधायक इफ्तार पार्टी में शामिल हुए। कांग्रेस विधायक प्रतिमा दास इस इफ्तार पार्टी में शामिल हुई। बिहार के वरिष्ठ पत्रकार अरुण पांडेय के अनुसार बिहार में महागठबंधन की सियासत लालू प्रसाद यादव के इर्द-गिर्द घूमती रहती थी। बिहार में कांग्रेस की राजनीति भी पिछले 25 वर्षों से राजद के सहारे ही चलती रही है। लेकिन कांग्रेस पार्टी अब अपना संगठन विस्तार करने में लगी हुई है। यही कारण है कि नए प्रभारी एवं नए प्रदेश अध्यक्ष की नियुक्ति की गई है।लालू प्रसाद के द्वारा दी गई इफ्तार पार्टी में कांग्रेस के बड़े नेताओं की दूरी यह दिखा रही है कि महागठबंधन में सब कुछ सामान्य नहीं है। कांग्रेस के कुछ एक विधायकों का पहुंचना और बिहार कांग्रेस के बड़े नेताओं का इस इफ्तार पार्टी में शामिल नहीं होना यह संकेत दे रहा है कि कहीं कांग्रेस कुछ अलग राजनीति या रणनीति तो नहीं बना रही। सबसे बड़ी बात है कि कृष्णा अल्लावारु जब से बिहार के प्रभारी बने हैं एक बार भी लालू प्रसाद से मुलाकात करने नहीं गए।

लालू प्रसाद द्वारा आयोजित इफ्तार पार्टी में महागठबंधन में नए राजनीतिक समीकरण भी देखने को मिला। राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष पशुपति कुमार पारस, बिहार अध्यक्ष प्रिंस राज और पार्टी के वरिष्ठ नेता सूरजभान सिंह इस इफ्तार पार्टी में शामिल हुए। मीडिया से बातचीत में पशुपति कुमार पारस ने बताया कि रमजान का पवित्र महीना चल रहा है। इफ्तार पार्टी में शामिल हुए हैं। बिहार में नई राजनीतिक समीकरण के सवाल पर उन्होंने कहा कि "समय आने पर सब कुछ स्पष्ट हो जाएगा।"

उधर बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की ओर से मुख्यमंत्री आवास पर रविवार को इफ्तार पार्टी का आयोजन किया गया। इफ्तार पार्टी में कई मुस्लिम नेताओं के साथ समाज के लोगों ने हिस्सा लिया। हालांकि इससे पहले कई मुस्लिम संगठनों की ओर से इफ्तार पार्टी में जाने से इनकार किया गया था। जदयू के नेताओं ने कहा कि नीतीश कुमार मुस्लिम के साथ हैं। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के इफ्तार पार्टी में आधा दर्जन से ज्यादा मुस्लिम धार्मिक संगठनों के बॉयकॉट के बावजूद बड़ी संख्या में रोजेदार शामिल हुए। इफ्तार पार्टी में शामिल होने के लिए पूर्व मंत्री मोनाजिर हसन भी सीएम आवास पहुंचे। उन्होंने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि नीतीश कुमार ने ही मुसलमानों के लिए सबसे ज्यादा काम किया।

नीतीश कुमार ने जदयू के मुस्लिम नेताओं को पैचअप में लगाया है, लेकिन उसके बावजूद इफ्तार पार्टी पर असर इस बार दिखा है। हालांकि पार्टी में कैमरा और मोबाइल दोनों ले जाने की मनाही थी। इफ्तार पार्टी में जिन लोगों को मुख्यमंत्री आवास में एंट्री हुई उन्हें मोबाइल भी बाहर रखना पड़ा और कड़ी जांच के बाद जाने दिया गया है पास के माध्यम से ही एंट्री था।

जदयू मुस्लिम नेताओं ने कहा यह राजद की साजिश है। चुनावी साल में लेकिन इसका कोई असर पड़ने वाला नहीं है। नीतीश कुमार ने मुसलमान के लिए जितना काम किया है। मुस्लिम नीतीश कुमार के साथ हैं। मुख्यमंत्री आवास में हुए कर पार्टी में एनडीए के कई नेता भी शामिल हुए।ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड, इमारत-ए-शरिया, जमीयत उलेमा हिंद, जमीयत अहले हदीस, जमात-ए-इस्लामी हिंद, खानकाह मुजीबिया और खानकाह रहमानी ने वक्फ बिल को लेकर नीतीश कुमार और जदयू के फैसले पर नाराजगी जताते हुए इफ्तार पार्टी बायकाट किया था।

बताया जाता है कि वक्फ बिल को लेकर जदयू ने लोकसभा में पुरजोर समर्थन किया था। केंद्रीय मंत्री ललन सिंह ने समर्थन करते हुए इसे मुसलमान के हित में बताया था। उसके बाद से हैं मुस्लिम संगठन नीतीश कुमार से अपनी नाराजगी जताते रहे हैं नीतीश कुमार के साथ बैठक कर भी अपनी नाराजगी जताई है। बताया जाता है कि बिहार में सीमांचल सहित तीन दर्जन से अधिक सीट ऐसे हैं। जिसमें मुस्लिम वोटर निर्णायक भूमिका निभाते हैं 243 सीटों में से तीन दर्जन सीटों में मुस्लिम वोटरों की आबादी 20 से 40% के करीब है 11 सीट तो ऐसे हैं जहां 40 फीसदी से भी अधिक वोट मुस्लिम के हैं।मुस्लिम वोटरों पर राजद और महागठबंधन की नजर तो है ही साथ ही एआईएमआईएम और प्रशांत किशोर की भी नजर है। सीमांचल में 2020 में एआईएमआईएम ने 5 सीटों पर जीत हासिल की थी। मुस्लिम पहले से नीतीश कुमार से नाराज हैं और वक्फ बिल को लेकर उनकी नाराजगी और बढ़ी है। ऐसे में मुस्लिम संगठनों के बायकाट ने नीतीश कुमार की मुश्किलें और बढ़ा दी है।

सुन्नी वक्फ बोर्ड बिहार के अध्यक्ष इशार्दुल्लाह के अनुसार ये सियासी स्टंट है। ये आरजेडी वालों का क्रिएट किया गया है। इफ्तार का कभी ठुकराया नहीं जाता है। ये पहली बार देख रहा हूं कि इफ्तार पार्टी का बॉयकॉट किया गया है। यह दुखद है।चुनाव में इसका कोई असर नहीं पड़ेगा। 50 फीसदी नीतीश को वोट करने जा रहे हैं। यह पहली बार नहीं है। इफ्तार के बहाने बिहार में सियासी उठा पटक भी होता रहा है। बिहार में मुस्लिम आबादी 17 प्रतिशत के करीब है। आरजेडी इतनी बड़ी आबादी को अपना वोट बैंक बनाने के लिए मुसलमानों और यादवों का एम-वाई समीकरण बना लिया है। यादवों की 14 प्रतिशत जनसंख्या मिला कर यह आबादी 31-32 प्रतिशत के करीब हो जाती है। मुसलमान भाजपा को तो वोट करते ही नहीं। अब जेडीयू से भी कट गए। ऐसे में थोक में मुसलमानों के वोट पर महागठबंधन की नजर है। आरजेडी कैंप यकीनन इस बात पर खुशी होगी कि उलेमाओं ने नीतीश की इफ्तार पार्टी का बहिष्कार किया। पर, यह भी सच है कि मुस्लिम वोटों का दावेदार तब अकेले महागठबंधन की ही पार्टियां नहीं होंगी।

बिहार के उलेमाओं ने जब सीएम नीतीश कुमार की इफ्तार पार्टी का बायकॉट किया। इसकी उलेमाओं ने शर्त भी रखी। स्पष्ट कहा कि एनडीए में रहते हुए वक्फ संशोधन बिल का विरोध करें, वर्ना वे इफ्तार पार्टी का बहिष्कार करेंगे। नीतीश कुमार बिना कोई प्रतिक्रिया दिए खामोश रह गए। बायकॉट के पत्र पर दस्तखत करने वाले रविवार को आयोजित पार्टी में नहीं पहुंचे। इसके बावजूद खासा तादाद में रोजेदारों और सियासी जमावड़े के बीच इफ्तार पार्टी संपन्न हुई। नीतीश ने इफ्तार के जरिए अपने 225 वाले लक्ष्य को फिक्स कर लिया है। यह सच भी है कि नीतीश कुमार के कार्यकाल में मुसलमानों के हित में काफी काम हुए हैं। इसके बावजूद मुसलमानों के वोट जेडीयू को उस तरह नहीं मिलते, जितना उन्होंने उनके लिए काम किए हैं। इसका कारण शायद नीतीश कुमार का एनडीए में होना है। वर्ष 2020 के बिहार विधानसभा चुनाव में तो जेडीयू के टिकट पर खड़े उम्मीदवारों में एक भी नहीं जीत पाया। जेडीयू ने 11 मुस्लिम उम्मीदवार उतारे थे। भला हो जमा खान का, जो जीते तो चिराग पासवान की पार्टी के टिकट पर, लेकिन सदन पहुंचते ही उन्होंने जेडीयू का दामन थाम लिया और नीतीश मंत्रिमंडल में उनके भरोसे के साथी बन गए।

ज्यादा दिन नहीं बीते, जब जेडीयू सांसद और केंद्रीय मंत्री राजीव रंजन उर्फ ललन सिंह ने कहा था कि मुगालते में न रहें, मुसलमान जेडीयू को वोट नहीं करते। यह बात अलग-अलग मौकों पर उन्होंने दो बार कहीं थी । उनसे पहले जेडीयू के ही एक सांसद देवेश चंद्र ठाकुर ने भी ऐसी ही बात कही थी। उन्होंने तो ललन सिंह से भी एक कदम आगे बढ़ कर कह दिया था कि उनको मुसलमानों और यादवों ने वोट नहीं दिया। इसलिए वे उनका कोई काम नहीं करेंगे। उलेमाओं के बायकॉट के ऐलान के बाद नीतीश कुमार की चुप्पी से अंदाज लगता है कि उन्हें भी इससे पीड़ा पहुंची है। पहुंचे भी क्यों नहीं, नीतीश कुमार ने न सिर्फ उनके लिए काम किए, बल्कि उन पर किसी तरह का जुल्म भी अपने कार्यकाल में नहीं होने दिया है।

उधर जन सुराज के नेता प्रशांत किशोर की भी मुस्लिम वोटों पर चौकस नजर है। उन्होंने 40 मुसलमानों को इस बार विधानसभा का टिकट देने की घोषणा की है। एआईएमआईएम वाले असदुद्दीन ओवैसी भी मुस्लिम वोटों के हिस्सेदार बनेंगे ही। मुस्लिम बहुल सीमांचल की पांच सीटें पिछली बार जीत कर और गोपालगंज विधानसभा के उपचुनाव में आरजेडी उम्मीदवार को हरा कर वे अपनी ताकत का एहसास करा चुके हैं। इसलिए महागठबंधन को अभी इतराने से परहेज करना ही श्रेयस्कर होगा।

# योगी सरकार के आठ साल वाह से आह तक



-अजय कुमार

उत्तर प्रदेश की योगी सरकार ने अपने दूसरे कार्यकाल के तीन वर्ष पूरे कर लिये हैं,जबकि कुल मिलाकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ अपना आठ साल पूरा कर चुके हैं। यूपी में सबसे अधिक समय तक मुख्यमंत्री बने रहने का रिकार्ड भी योगी के नाम हो गया है। करीब 24 करोड़ आबादी को यदि योगी से पूर्व की सरकारों के तौर तरीकों की याद होगी तो वह जानते होंगे कि आठ साल पहले प्रदेश का क्या हाल था। यूपी की गणना बीमारू राज्य के रूप में होती थी। साम्प्रदायिक हिंसा,संगठित अपराध, दबंगई के बल पर जमीन पर कब्जा अखिलेश सरकार की पहचान थी। आतंकवादियों के मुकदमें वापस लिये जाते थे। तुष्टिकरण समाजवादी सरकार की पहचान बन गई थी। दंगा पीड़ितों को उनका धर्म देखकर मुआवजा बांटने का कारनामा भी अखिलेश सरकार द्वारा किया गया था। सपा के नेता थानों तक में गुंडागर्दी करने से घबराते नहीं थे। आजम खान जैसे समाजवादी नेताओं की बदजुबानी के किस्से आम थे।हिन्दू देवी देवताओं का अपमान समाजवादी सरकार की आदत बन गई थी। हाल यह है कि आठ साल सत्ता से बाहर रहने के बाद भी अखिलेश की राजनीति नहीं बदली है। विकास के नाम पर अखिलेश एक्सप्रेस वे और लखनऊ में मेट्रो के अलावा कुछ नहीं गिना पाते थे।

एक वह दौर था जब प्रदेश की जनता त्राहिमाम कर रही थी तो अब फाइलों में विकास नहीं उलझता है,बल्कि जमीन पर फलफूल रहा है।अपराधी ठोके जा रहे हैं। भू माफियाओं से कब्जाई जमीन वापस ली जा रही है। संगठित अपराध करने वालों को चुन चुनकर मिटाया जा रहा है। मगर पिछले आठ वर्षों में उत्तर प्रदेश की योगी सरकार ने राज्य के प्रति धारणा बदलने में सफलता प्राप्त की है। कभी बीमारू राज्य कहा जाने वाला उत्तर प्रदेश आज व्यवसाय एवं निवेश का सर्वश्रेष्ठ ठिकाना बनकर देश और दुनिया में पहचाना जा रहा है। उत्तर प्रदेश आज ह्यग्रोथ गियरह्न है। हमें विरासत में अराजकता, अव्यवस्था और अपराध के अंधकार में डूबा हुआ प्रदेश मिला था।ऐसे राज्य को सुरक्षित परिवेश, मजबूत इन्फ्रास्ट्रक्चर, सुगम कनेक्टिविटी और उद्यम अनुकूल नीतियों द्वारा निवेशकों का ड्रीम डेस्टिनेशन बनाने में हम लोग सफल रहे। विगत आठ वर्षों में प्रदेश को प्राप्त हुए 45 लाख करोड़ रुपये से अधिक के निवेश प्रस्ताव इसकी पुष्टि करते हैं। इनमें से 15 लाख करोड़ रुपये से अधिक के निवेश प्रस्तावों को धरातल पर उतारा जा चुका है। इनके माध्यम से 60 लाख से अधिक युवाओं को नौकरी तथा अन्य लाखों लोगों हेतु रोजगार का सृजन हुआ है। स्थापित सत्य है कि सुरक्षा के सुपथ पर ही विकास कुलांचे भरता है और सुगम कनेक्टिविटी उसे तीव्रता प्रदान करती है। नया उत्तर प्रदेश उसका जीवंत उदाहरण है।

महान चिंतक पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी ने कहा था कि समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति का विकास ही अंत्योदय है। प्रधानमंत्री मोदी के यशस्वी मार्गदर्शन में डबल इंजन सरकार की हर योजना में यह भाव श्वास लेता है। यही कारण है कि बीते आठ वर्षों में प्रदेश सरकार ने छह करोड़ से अधिक लोगों को गरीबी रेखा से ऊपर उठाने में सफलता प्राप्त की है। प्रदेश के 15 करोड़ निर्धनों को प्रतिमाह निःशुल्क अनाज, 1.86 करोड़ से अधिक परिवारों को निःशुल्क गैस कनेक्शन, 2.86 करोड़ से अधिक किसानों को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि का लाभ, प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत 5.21 करोड़ लाभार्थियों को पांच लाख रुपये तक का चिकित्सा सुरक्षा कवच, 56.50 लाख से अधिक परिवारों को निःशुल्क आवास जैसे अनेक कल्याणकारी उपहारों ने प्रदेश के करोड़ों नागरिकों के जीवन को बेहतर बनाया है। सभी को आवास के संकल्प की सिद्धि के लिए प्रधानमंत्री आवास योजना एवं मुख्यमंत्री आवास योजना के हर उस लाभार्थी को आवासीय पट्टा अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराया गया है, जिनके पास भूमि नहीं थी। ऐसा करने वाला उत्तर प्रदेश देश का प्रथम राज्य है। यही तो है अंत्योदय।

आजादी से लेकर 2017 तक प्रदेश में 12 मेडिकल कालेज थे। आज राज्य में 44 राजकीय मेडिकल कालेज और 36 निजी मेडिकल कालेजों सहित 80 मेडिकल कालेज संचालित हैं। गोरखपुर और रायबरेली में एम्स का संचालन आरंभ हो गया है। एक जनपद-एक मेडिकल कालेज की संकल्पना उत्तर प्रदेश में साकार हो रही है। प्रदेश में 122 चीनी मिलें क्रियाशील हैं। मार्च, 2017 से अब तक तीन नई चीनी मिलों की स्थापना हुई है। छह चीनी मिलों का पुनर्संचालन तथा 38 चीनी मिलों का क्षमता विस्तार हुआ है, जिससे लगभग 1.25 लाख लोगों को प्रत्यक्ष/अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार प्राप्त हुआ है। आठ वर्षों में 46.50 लाख गन्ना किसानों को 2,80,223 करोड़ रुपये का भुगतान किया जा चुका है। मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना, प्रधानमंत्री मातृ वंदन योजना, पी.एम.स्वनिधि योजना जैसी अनेक कल्याणकारी योजनाएं मातृशक्ति के जीवन में सकारात्मकता का सवेरा लेकर आई हैं। ग्रामीण क्षेत्र की 95 लाख से अधिक महिलाओं को ग्रामीण आजीविका मिशन से जोड़ने के साथ ही सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत महिला स्वयं सहायता समूहों को 2,510 उचित मूल्य की दुकानों का आवंटन, ग्रामीण आवासीय अभिलेख (घरौनी) घर की महिला के नाम आदि जैसी रचनात्मक पहल नारी शक्ति के जीवन में सम्मान और आर्थिक प्रगति का प्रतीक हैं।

प्रदेश में 96 लाख से अधिक एमएसएमई इकाइयों ने युवाओं को जॉब सीकर से जॉब क्रिएटर बनाने का युगांतरकारी कार्य किया है। वर्ष 2016 में प्रदेश की बेरोजगारी दर 18 प्रतिशत थी जो अब तीन प्रतिशत है। निष्पक्ष एवं पारदर्शी प्रक्रिया के जरिये विभिन्न आयोगों एवं भर्ती बोर्ड द्वारा साढ़े आठ लाख से अधिक युवाओं को सरकारी नौकरी मिली। इनमें से 1.38 लाख से अधिक महिलाएं हैं। परीक्षाओं के शुचितापूर्ण आयोजन के लिए उ.प्र. सार्वजनिक परीक्षा (अनुचित साधनों का निवारण) कानून लागू किया गया है, जिससे छात्रों के मन में व्यवस्था के प्रति विश्वास जागा है। आठ वर्ष हमारी आस्था, अस्मिता, आर्थिकी और सांस्कृतिक चेतना के उन्नयन का ऐतिहासिक कालखंड है।सबसे बड़ी बात यह है कि बीते आठ वर्षों में प्रदेश में एक भी नया टैक्स नहीं लगाया गया। प्रदेश में डीजल-पेट्रोल दरें देश में सबसे कम हैं। इसके बाद भी उत्तर प्रदेश राजस्व सरप्लस स्टेट के रूप में समृद्धि के नए सोपान चढ़ रहा है। इस सफलता के पीछे रामराज्य की अवधारणा ही है। खैर,योगी राज में तमाम अच्छे कार्य हो रहे हैं तो कहा यह भी जा रहा है कि प्रदेश की सत्ता योगी तक केन्द्रित हो कर रह गई है।बीजेपी तक के सांसदों और विधायकों की नहीं सुनी जाती है।योगी का सख्त आदेश है कि कोई विधायक सिफारिश लेकर किसी अधिकारी या थाना-चौकी पर नहीं जायेगा,परिणाम स्वरूप ब्यूरोक्रेसी और पुलिस निरंकुश हो गई है। योगी सरकार ने निवेश आकर्षित करने और नए उद्योगों को स्थापित करने की दिशा में कई कदम उठाए, लेकिन बेरोजगारी की समस्या अभी भी बनी हुई है। सरकारी भर्तियों में देरी, पेपर लीक की घटनाएं और युवाओं को अपेक्षित संख्या में नौकरियां न मिलना एक बड़ी चुनौती रही है। वहीं योगी सरकार ने भ्रष्टाचार पर नकेल कसने के दावे काफी किए, लेकिन कई विभागों में रिश्वतखोरी और सरकारी अधिकारियों की मनमानी की शिकायतें बनी हुई हैं। खासकर तहसील, थाने और नगर निकायों में भ्रष्टाचार की शिकायतें लगातार सामने आती रही हैं।

पेट्रोल-डीजल, खाद्य पदार्थों और रोजमर्रा की चीजों की महंगाई बढ़ी है। गन्ना किसानों को समय पर भुगतान न मिलने, फसलों के उचित दाम न मिलने और बिजली की बढ़ती दरों से किसान परेशान रहे हैं। सरकार ने अपराधियों पर कार्रवाई के लिए ठोक दो नीति अपनाई, लेकिन पुलिस की मनमानी, फर्जी एनकाउंटर और निर्दोष लोगों पर अत्याचार के आरोप भी लगे। थानों में दलितों, पिछड़ों और गरीबों की सुनवाई न होने की शिकायतें अक्सर आती रही हैं। योगी सरकार की बुलडोजर नीति को एक तरफ सख्त कार्रवाई का उदाहरण बताया जाता है, लेकिन विपक्ष इसे पक्षपातपूर्ण और गरीबों के खिलाफ करार देता है। कई मामलों में बिना कानूनी प्रक्रिया पूरी किए ही घरों और दुकानों को ढहा दिया गया, जिससे विवाद हुआ। उधर, कई सरकारी योजनाओं की घोषणाएं हुईं, लेकिन उनका लाभ सभी जरूरतमंदों तक नहीं पहुंच पाया। पीएम आवास योजना, मुफ्त राशन योजना और स्वरोजगार योजनाओं में भ्रष्टाचार और भेदभाव की काफी शिकायतें सामने आईं हैं।कुल मिलाकर योगी सरकार की वाह-वाह भी खूब हो रही है,वहीं कुछ लोगों को लगता है कि योगी राज में जनता कराह रही है। उसकी आह को कोई सुनने वाला नहीं है।

# सजग रहे जीवन में आने वाले पलों के लिए मनोबल ऊंचा रखिये

जीवन में कठिन परिस्थितियों कभी बता कर नहीं आतीं हैं, इसीलिए मनुष्य को हर कठिन तथा विषम परिस्थिति के लिए सदैव सजग तथा सावधान रहने की आवश्यकता है। खुशियां तथा अवसाद हर मनुष्य के जीवन के दो पहलू हैं अब यह आप पर निर्भर है कि आप इन परिस्थितियों को किस तरह अपने जीवन में आत्मसात कर संतुलित करते हैं। जीवन एक गणित की तरह है कभी-कभी दो और दो चार तथा कभी दो और दो पांच भी हो जाते हैं दो और दो पांच का मतलब विषम परिस्थितियों का सामना करना।वैसे भी जीवन मैं ऊंचाइयां पाने के लिए सदैव संघर्षरत रहना होता है। सिर्फ मानव प्रजाति में सोचने समझने और मुस्कुराने की शक्ति होती है। मनुष्य की सर्व चेतनाओं से परिपूर्ण होता है । पत्थरों में चेतना शून्य होती है, पेड़ पौधों में पल्लवित पुष्पित होती है,पशु पक्षियों में चलायमान होती है और मनुष्य ही एक ऐसा प्राणी है जिसमें मानव मस्तिष्क चिंतन मनन कर किसी समस्या का समाधान निकालता हैं' यह सर्वविदित है कि मनुष्य का जीवन विभिन्न सामाजिक मानसिक संघर्षों का केंद्र होता है' मनुष्य ने सदैव मानसिक शारीरिक शक्ति और दृढ़ संकल्प के बलबूते पर हर समस्या पर समय-समय पर विजय प्राप्त की है, और अपने लक्ष्य को बड़ी दृढ़ता के साथ प्राप्त किया है' मनुष्य के जीवन में जब उत्साह, ऊर्जा एवं अपनी क्षमताओं के उपयोग करने का पूर्ण रूप से आत्मविश्वास होता है तो वह परिस्थितियों का सामना बखूबी कर अपने जीवन को सुचारू रूप से संचालित करता है' एक मानव प्रजाति ही ऐसी प्रजाति है जिसकी संकल्प शक्ति इतनी ऊर्जावान एवं महत्वपूर्ण होती है कि वह प्रगति की विविधताओं, विषमताओं एवं अपार शक्ति को भी आसानी से नियंत्रित कर लेता है एवं उसका स्वयं के लिए समाज के लिए देश के लिए सकारात्मक उपयोग करने में भी सक्षम होता है' जीवन में मनुष्य को सदैव अपने आप को व्यस्त रख कार्यशील रहना चाहिए, क्योंकि व्यस्त व्यक्ति ही किसी कार्य को उसकी परिणति तक पहुंचा सकता है ,खाली दिमाग सदैव शैतान का होता है एवं उसमें नकारात्मक विचार प्रवेश कर मन को मायूस कर देते हैं' आपका मन या मनोबल या संकल्प ही जब एकाग्र चित्त ऊर्जावान तथा शक्तिशाली होगा तो आपके सामने की कितना भी क्लिष्ट व कठिन लक्ष्य हो उसमें आप सफलता अवश्य पा सकेंगे। इसलिए मनुष्य को सदैव कर्मरत रहना चाहिए। इसका यह भी अभिप्राय है कि मनुष्य को अपने आपको सदैव स्वस्थ्य एवं व्यस्त रखना चाहिए। मन में दृढ़ संकल्प रखकर हमारी दुनिया में लोगों ने ऐसे असंभव कठिन तथा दुरूह कार्यों को अपनी जड़ मानसिक शक्ति से संभव कर दिखाया है जिसकी हम कतई कल्पना भी नहीं कर सकते हैं। भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के सेनानियों की विपन्न स्थिति एवं आर्थिक कमी के बावजूद उन्होंने अपनी मानसिक दृढ़ता ,उच्च संकल्प शक्ति और संगठन क्षमता के दम पर भारत देश को आजाद कराया ।इसमें निसंदेह महात्मा गांधी, सरोजनी नायडू, सरदार वल्लभ भाई पटेल,जवाहरलाल नेहरू, चंद्रशेखर आजाद, भगत सिंह, सुभाष चंद्र बोस और न जाने कितने उदाहरण हैं जिन्होंने अपनी मानसिक शारीरिक शक्ति तथा ऊर्जा के दमखम पर देश को अंग्रेजों के चंगुल से निकाल कर आजादी की हवा की सांस लेने का देशवासियों को मौका दिया है। हम उनका नमन करते हैं उन्हें श्रद्धांजलि भी देते हैं और उनकी दृढ़ इच्छाशक्ति एवं संकल्प को आदर्श के रूप में लेकर अपने जीवन में उतारने का प्रयास भी करेंगे। दुनिया में अपनी मानसिक शक्ति और संकल्प से अनेक असंभव कार्य को सफलतापूर्वक संचालित संपादित करते हुए अनेक उदाहरण मिलेंगे जो वाकई में इस दुनिया के और हम सबके आदर्श महान लोग हैं। व्यक्ति यदि सादगी, ईमानदारी और निरंतरता के साथ किसी भी कार्य को सफलतापूर्वक संपादित करने का सार्थक एवं सर्वोच्च प्रयत्न करता है, तो निसंदेह सफलता उनके कदम चूमती है और वे व्यक्तियों के लिए। समाज के लिए तथा देश के लिए आदर्श पुरुष होते हैं। कोई भी महान या आदर्श व्यक्ति आसमान से अचानक नहीं आता है वह इसी धरती में पैदा हुआ सामान्य मनुष्य ही है जिसने अपने संघर्ष, इच्छा शक्ति, अदम्य साहस, संयम और संतुलन से अपने हर लक्ष्य को प्राप्त कर अपने आपको समाज से अलग कर एक आदर्श रूप में प्रस्तुत किया है। मनुष्य का हृदय या मन अनंत ऊर्जा और शक्ति का बहुत बड़ा स्रोत होता है। किसी भी बड़े लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए मस्तिष्क मदद करता है फिर चिंतन करता है और कार्य योजना सुनियोजित कर, अन थक परिश्रम कर उस दुरूह लक्ष्य को प्राप्त करता है। आपका मन यदि हताश या निराश है तो आप किसी लक्ष्य की प्राप्ति नहीं कर सकते हैं। इसीलिए मन को सदैव प्रफुल्लित उत्साहित एवं सकारात्मक सोच के साथ ताजा रखें,जिससे आने वाली परिस्थितियों का सामना कर एक नए युग का सूत्रपात कर सकते हैं। जीवन में दूसरे व्यक्तियों से पिछड़ने के कई कारण भी हो सकते हैं जिनमें से अपनी क्षमता तथा मानसिक शक्ति पर अविश्वास करना भी एक बड़ा कारण है, इसके साथ ही किसी भी लक्ष्य की प्राप्ति के लिए सुनियोजित योजना, अपनी क्षमताओं का आकलन एवं कार्य के साथ कठोर श्रम भी अत्यंत आवश्यक सफलता के स्तंभ हैं, अति संपन्नता के बावजूद मानसिक रूप से कमजोर व्यक्ति को असफलता का स्वाद चखना पड़ता है। इसीलिए जीवन में सफलता के लिए मानसिक स्थिति में दृढ़ता, कठोर संकल्प, एवं निरंतर श्रम अत्यंत आवश्यक तत्व हैं। अपने जीवन को सफल बनाने एवं श्रेष्ठ जीवन की निर्मात्रि आपकी इच्छा शक्ति ऊर्जा और मानसिक संतुलन ही है। यदि मानसिक संतुलन में हताशा आई तो परिणाम ऋणआत्मक भी हो सकते हैं,और यही कारण है कि चिंतकों दार्शनिकों और महान अध्यापकों ने कहा है कि मन को सदैव ऊर्जावान और सकारात्मक सोच से परिपूर्ण रख लक्ष्य प्राप्ति के लिए कड़ी मेहनत करनी चाहिए।

# क्षय रोग मुक्त ग्राम पंचायत पुरस्कार से पालघर तहसील के 40 ग्राम पंचायतों को किया गया सम्मानित

**पालघर(उत्तरशक्ति/अजीत सिंह)।** विश्व क्षय रोग दिवस के अवसर पर सोमवार 24 मार्च 2025 को राष्ट्रीय क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम के तहत पालघर तहसील के 40 ग्राम पंचायतों को क्षय रोग मुक्त ग्राम पंचायत पुरस्कार प्रदान किया गया।

पालघर जिले की कुल 115 ग्राम पंचायतों को टीबी मुक्त पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। इसी के तहत पालघर तहसील के 40 क्षय रोग मुक्त ग्राम पंचायतों को जिला परिषद पालघर के जननायक बिरसा मुंडा सभागृह में आयोजित सम्मान समारोह के दौरान सम्मानित किया गया। विगत वर्षो की भांति इस वर्ष विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा "Yes, We Can End TB" (हां, हम टीबी को समाप्त कर सकते हैं) थीम को प्राथमिकता दी गई। इस दौरान मासवण प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के अंतर्गत आने वाली सागावे ग्राम पंचायत ने लगातार दूसरी बार क्षय रोग मुक्त पुरस्कार जीतकर रजत पदक प्राप्त किया। इसके अलावा अन्य 39 ग्राम पंचायतों को कांस्य पदक देकर उनके सरपंच, उपसरपंच, ग्राम सेवक, ग्राम पंचायत सदस्य, आशा ताई और चिकित्सा अधिकारियों का सत्कार किया गया। इसके साथ ही सीएसआर फंड के माध्यम से क्षय रोगियों को खाद्य सामग्री किट प्रदान करने वाली लुपिन, जेएसडब्ल्यू और निऑन इन तीन कंपनियों का भी सत्कार किया गया। साथ ही, क्षय रोग पर आधारित रंगोली प्रतियोगिता के विजेताओं में पहले तीन स्थान प्राप्त करने वालों को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम



का प्रस्ताविक भाषण सहायक जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. शशिकांत सालुंखे ने दिया। इस अवसर पर मुख्य कार्यकारी अधिकारी भानुदास पालवे ने बोलते हुए कहा कि ग्राम पंचायतों, स्वास्थ्य विभाग और आशा कार्यकताओं के अथक प्रयासों के कारण यह अभियान सफल रहा। क्षय रोग मुक्त जिला बनाने के लिए हमें और अधिक सक्रिय होकर कार्य करना होगा। उन्होंने इस बीमारी को जड़ से खत्म करने के लिए सामूहिक प्रयासों की आवश्यकता पर जोर दिया।

जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संतोष चौधरी ने नागरिकों से अपील की कि वे क्षय रोग उन्मूलन में भाग लें। उन्होंने कहा, यदि किसी को क्षय रोग के लक्षण दिखाई दें, तो तुरंत नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में जांच करवाएं और उपचार लें। साथ ही अन्य लोगों को भी इस बारे में जागरूक करें। इस मौके पर सूर्या नर्सिंग कॉलेज की छात्राओं ने क्षय रोग पर आधारित जागरूकता पथनाट्य प्रस्तुत किया।

कार्यक्रम के अंत में तहसील स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. तन्वीर शेख ने सभी उपस्थित जनों के प्रति आभार व्यक्त किया। यह कार्यक्रम जिला परिषद पालघर के मुख्य कार्यकारी अधिकारी भानुदास पालवे की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। इस अवसर पर उपमुख्य कार्यकारी अधिकारी चंद्रशेखर जगताप, जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संतोष चौधरी, सहायक जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. शशिकांत सालुंखे, अतिरिक्त जिला स्वास्थ्य अधिकारी (जव्हार) डॉ. किरण पाटील, नोडल अधिकारी डॉ. दीपक वाणी, तहसील स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. तन्वीर शेख और डॉ. कल्पना मावची, पुरस्कार प्राप्त ग्राम पंचायतों के सरपंच, उपसरपंच, ग्रामसेवक( क्षयरोग केंद्र) के सहित कई गणमान्य लोगों के अलावा स्वास्थ्य विभाग के सभी अधिकारी, कर्मचारी व पूरी क्षय रोग उन्मूलन टीम उपस्थित रही।

## शोक सभा में मीडियाकर्मियों ने दी अभिमन्यु शितोले को श्रद्धांजलि




**मुंबई (उत्तरशक्ति)।** नवभारत टाइम्स के राजनीतिक संपादक रहे अभिमन्यु शितोले की स्मृति में सोमवार की शाम मुंबई हिंदी पत्रकार संघ, मुंबई प्रेस क्लब और मंत्रालय विधिमंडल वार्ताहर संघ की ओर से मुंबई प्रेस क्लब के सभागृह में शोक सभा का आयोजन किया गया, जिसमें मुंबई के हिंदी, अंग्रेजी, मराठी और गुजराती मीडिया के कई नामचीन पत्रकारों समेत बड़ी संख्या में मीडियाकर्मी उपस्थित थे। शोक सभा में वक्ताओं ने अभिमन्यु शितोले से जुड़े हुए अपने संस्मरण शेयर करते हुए उनकी पत्रकारिता की शैली की प्रशंसा की। मंत्रालय विधिमंडल वार्ताहर संघ के अध्यक्ष दिलीप सपाटे ने कहा कि अभिमन्यु शितोले ऐसे पत्रकार थे जिन्होंने हमेशा सच्चाई को उजागर करने का काम किया। उन्होंने उनकी ईमानदारी और निष्पक्षता की सराहना की और उन्हें एक अच्छा इंसान बताया।

मुंबई हिंदी पत्रकार संघ के अध्यक्ष आदित्य दुबे ने अभिमन्यु शितोले से जुड़े अपने संस्मरण साझा करते हुए कहा कि अभिमन्यु शितोले ने हमेशा सच्चाई और न्याय के लिए लड़ाई लड़ी। उनकी पत्रकारिता में ईमानदारी और निष्पक्षता का प्रतीक था। वह अच्छे इंसान थे। वह हमेशा दूसरों की मदद के लिए तैयार रहते थे। उनकी मृत्यु से मुंबई की हिंदी पत्रकारिता का बड़ा नुकसान हुआ है। मुंबई प्रेस क्लब के अध्यक्ष समर खड़स ने भी अभिमन्यु शितोले को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उन्हें शानदार पत्रकार बताया। शोक सभा में मुंबई प्रेस क्लब के सचिव मयूरेश गणपतये, हरीश पाठक, सुंदरचंद्र ठाकुर, जीतेंद्र दीक्षित, भाजपा नेता पवन त्रिपाठी, राजेश विक्रांत, नेहा पुरव, हरि मृदुल हरिगोविंद विश्वकर्मा, रेखा खान, अनुराग त्रिपाठी, सुनील मेहरोत्रा, बिपिन गुप्ता और अमर त्रिपाठी कई मीडिया कर्मियों ने अपने संस्मरण शेयर किए। अभय मिश्र के संचालन में हुए शोक सभा में अभिमन्यु शितोले की पत्नी अनुजा, पुत्री आर्या और पुत्र पीयूष भी शामिल हुए।

## एक्ट्रेस रिद्धिमा पाई के जबर्दस्त डेब्यू म्युजिक वीडियो मुझपे तेरा फितूर को रिलीज होते ही मिल रहा लाखों लोगों का प्यार



**मुंबई (उत्तरशक्ति)।** जिस एक्ट्रेस का पहला म्युजिक वीडियो बॉलीवुड की मशहूर गायिका मधुश्री की आवाज में हो, और जिसके वीडियो का प्रोडक्शन ,निर्देशन और कोरियोग्राफी फिल्म जगत की फेमस डांस डायरेक्टर शबीना खान ने की हो, उसके लिए इससे बेहतर शुरूआत नहीं हो सकती। हम बात कर रहे हैं अभिनेत्री रिद्धिमा पाई की, जिनका पहला गाना ₹मुझपे तेरा फितूर₹ म्युजिक लेबल आरडीसी मेलोडिज चैनल से रिलीज हो गया है। प्रोड्यूसर प्रिया तलवार के इस लव सॉन्ग को काफी सराहा जा रहा है। इस भव्य वीडियो के बेहतरीन रेस्पॉन्स से रिद्धिमा पाई बेहद खुश और एक्साइटेड हैं। राइजर्स प्रोडक्शन द्वारा प्रस्तुत इस सॉन्ग की गीतकार और संगीतकार प्रीनी सिद्धांत माधव हैं।

रिद्धिमा पाई ने शानदार केक काटकर इस सॉन्ग लॉन्च को सेलिब्रेट किया। निर्मात्री प्रिया तलवार ने कहा कि हम सब पर गुरुजी गुल साहब का आशीर्वाद है जो इतना अच्छा गाना बन गया है। इसमें 90 के दशक का फ्लेवर भी है। इसका फिल्मांकन कमाल का है और हिंदी के अलावा इसका तमिल वर्जन भी जल्द आउट किया जाएगा। इस रोमांटिक सॉन्ग की लीड हीरोइन रिद्धिमा पाई फिल्मी फैमिली से बिलॉन्ग करती हैं। प्रोड्यूसर्स और ऐक्टर्स के परिवार में पली बढ़ी रिद्धिमा ने इस कला को बहुत करीब से देखा है। इसलिए बचपन से ही अभिनय उनका जुनून रहा है। मिस इंडिया की फाइनलिस्ट रह चुकी रिद्धिमा पाई कई कमर्शियल विज्ञापनों में काम कर चुकी हैं। रिद्धिमा पाई अपने डेब्यू अल्बम ₹मुझपे तेरा फितूर₹ को लेकर बेहद उत्साहित स्वर में कहती हैं 'यह बहुत ही मोरक्कन और अरबी फील वाला वीडियो है और इस को ऐतिहासिक प्रेम कहानी और रोमांटिक गीत के रूप में प्रस्तुत किया गया है। यह मेरे लिए सम्मान की बात है कि मधुश्री जी ने यह गीत गाया है। हमने इसकी शूटिंग खूब एन्जॉय की। कई कॉस्ट्यूम्स बदल कर, तरह तरह की ज्वेलरी के साथ शानदार लोकेशन पे डांस - यह सब जादुई प्रतीत होता है।कभी नीम नीम गाने वाली मधुश्री ने कहा कि उन्होंने फिल्म इंडस्ट्री की कई स्टार ?क्ट्रेस के गीत गाए हैं। जब मैंने इसका वीडियो देखा तो दंग रह गई। रिद्धिमा वीडियो में काफी खूबसूरत दिख रही हैं, उनका लुक, डांस और लोकेशन ने इस गाने को बहुत ग्रैंड बना दिया है। बॉलीवुड के ढेरों सुपरहिट गीत गाने वाली मधुश्री की सुरीली और शहद सी मीठी आवाज पाकर रिद्धिमा पाई सातवें आसमान पर हैं। सलमान खान के कई गीतों को कोरियोग्राफ कर चुकी शबीना खान ने रिद्धिमा के इस अद्भुत सॉन्ग का निर्देशन, कोरियोग्राफी और प्रोडक्शन किया है। बॉलीवुड गानों की बेहतरीन कोरियोग्राफर की यह निर्देशन में शुरूआत है और रिद्धिमा का मानना है कि उन्होंने शानदार काम किया है। रिद्धिमा पाई का यह गाना किसी फिल्म सॉन्ग की तरह भव्यता रखता है। इस गाने को बीकानेर के खूबसूरत रेत के टीलों और बृज गज केसरी जैसे महल में फिल्माया गया है।



मुंबई के राजभवन में सिक्किम के राज्यपाल ओमप्रकाश माथुर का पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया गया। इस अवसर पर भीनमाल जैन संघ के सचिव मुकेश वर्धन, दिलीप प्रजापति पत्रकार, सुरेश भंसाली, सांवला राम प्रजापति मौजूद रहे। छाया: उत्तर शक्ति

# विधायक दिलीप लांडे ने सत्र में में नशे का मुद्दा उठाया

## अब मकोका के तहत होगी ड्रग डीलरों पर कार्रवाई: गृह राज्य मंत्री योगेश कदम

**मुंबई (उत्तरशक्ति)।** वर्तमान में मुंबई शहर और उपनगरों में भावी पीढ़ी नशीली दवाओं बुरी आदत का शिकार हो रही है। इसी मुद्दे को ध्यान में रखते हुए शिवसेना विधायक दिलीप लांडे ने विधानसभा सत्र में ड्रग्स का मुद्दा प्रमुखता से उठाया है। विधायक दिलीप लांडे ने विधानसभा में ध्यानाकर्षण प्रस्ताव के माध्यम से यह मुद्दा उठाया कि उपनगरीय मुंबई के चांदीवली इलाके के काजूपाड़ा, साकीनाका, जरिमरी और पवई इलाकों में पुलिस के आशीर्वाद से गुटखा, चरस और गांजा जैसे नशीले मादक पदार्थों की बड़े पैमाने पर बिक्री चल रही है, तो गृह राज्य मंत्री योगेश कदम ने आश्वासन दिया कि ऐसे अपराधों में आरोपियों के खिलाफ मकोका के तहत कार्रवाई की जाएगी।

हीरानंदानी स्थित कॉलेज परिसर में अवैध रूप से चाय-पत्ती की दुकानें सुबह तीन बजे तक चलती हैं। विधायक लांडे ने सदन को बताया कि काजूपाड़ा स्थित तैय्यब सुपारीवाला इस दुकान का मालिक फहीम खान स्कूल-कॉलेज के बच्चों को खुलेआम नशीली दवाएं बेच रहा है। इस अवसर पर विधायक दिलीप लांडे ने भी नशीले मादक पदार्थ तस्करी में शामिल आरोपियों को गिरफ्तार करने के लिए स्थानीय पुलिस की सराहना भी की। गृह राज्य मंत्री योगेश कदम ने कहा कि इस संबंध में सख्त से सख्त कार्रवाई की जा रही है। ड्रग तस्कर फहीम खान के विरुद्ध की गई कार्रवाई के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि फहीम खान के विरुद्ध तड़ीपारी की कार्रवाई की गई थी।




लेकिन इसे अदालत ने रद्द कर दिया। ड्रग्स को राज्य के बाहर से लाकर मुंबई शहर में बेचा जाता है। हमारी पुलिस ने इस मामले में अच्छी कार्रवाई की है। पुलिस कार्रवाई कर रही है, लेकिन इस संबंध में अपराध बढ़ता ही जा रहा है। इसलिए अब राज्य में नशा बेचने वालों के खिलाफ मकोका के तहत कार्रवाई की जाएगी। नशीली दवाओं के उपयोग के संबंध में 15,873 मामले दर्ज किए गए हैं और 14,230 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। गृह राज्य मंत्री योगेश कदम ने विधानसभा में एक महत्वपूर्ण बयान दिया कि मादक पदार्थों के सौदागरों पर सख्त से सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी और अब तक 4,240 करोड़ रुपये मूल्य के मादक पदार्थ जब्त किए गए हैं।

विधायक दिलीप लांडे ने अपने निर्वाचन क्षेत्र की स्थिति का विवरण देते हुए कहा कि घाटकोपर और साकीनाका पुलिस थाना क्षेत्रों में गुटखा, गांजा, चरस और ऑनलाइन लॉटरी जैसे अवैध नशीले पदार्थ खुलेआम बेचे जा रहे हैं, जिससे महिलाओं का क्षेत्र में घूमना मुश्किल हो गया है। नशेड़ी, चरसी, गदूली के कारण आपराधिक वारदाते बढ़ती जा रही है। जिस पर लगाम लगाना अत्यंत जरूरी है।

# कुणाल कामरा के खिलाफ पालघर में शिवसेना शिंदे गुट ने किया जोरदार प्रदर्शन




**पालघर(उत्तरशक्ति)।** महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे पर कमेडियन कुणाल कामरा द्वारा की गई व्यंग्यात्मक टिप्पणी के बाद पूरे महाराष्ट्र प्रदेश में विरोध प्रदर्शन हो रहे हैं। वहीं पालघर शिवसेना (शिंदे गुट) की ओर से मंगलवार 25 मार्च 2025 को पालघर शहर के शिवाजी चौक पर जोरदार आंदोलन किया गया। इस प्रदर्शन के दौरान शिवसैनिकों ने कुणाल कामरा के विरुद्ध जोरदार नारेबाजी करते हुए उनके पोस्टर जलाकर विरोध जताया। इस मौके पर शिवसेना शिंदे गुट पालघर जिला प्रमुख कुंदन संखे के नेतृत्व में पालघर पुलिस थाना के पुलिस निरीक्षक अनंत पराड से मुलाकात कर कुणाल कामरा के विरुद्ध मामला दर्ज करने की मांग करते हुए उन्हें ज्ञापन सौंपा। इस अवसर पर शिवसेना जिला प्रमुख कुंदन संखे के साथ सहसंपर्क प्रमुख केदार काले, पूर्व विधायक मनीषा निमकर, शहर प्रमुख राहुल घरत, युवासेना जिलाध्यक्ष कुणाल पाटील, साईराज पाटील समेत बड़ी संख्या में शिवसेना के युवासेना, महिला सेना के कई पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# पुलिस थाने में भिड़े शिंदे सेना के पदाधिकारी

## पानी समस्या के विवाद ने लिया उग्र रूप

**कल्याण (उत्तरशक्ति)।** कल्याण पूर्व में पानी की समस्या को लेकर विवाद इतना बढ़ गया कि शिंदे सेना के पदाधिकारी कोलसेवाड़ी पुलिस थाने में आपस में ही भिड़ गए। शिंदे सेना के उपशहर प्रमुख दिलीप दाखिनकर को उपजिला प्रमुख मल्लेश शेट्टी ने मारपीट कर दी। वहीं, मल्लेश शेट्टी की भाभी और पूर्व नगरसेविका के साथ दिलीप दाखिनकर और उनके कार्यकताओं द्वारा दुर्व्यवहार किए जाने का आरोप भी लगाया गया है।

चूंकि यह मारपीट पुलिस के सामने हुई और महापालिका चुनाव से पहले इस तरह की घटनाएं सामने आने लगी हैं, इसलिए इसे रोकना शिंदे सेना के लिए एक बड़ी चुनौती बन सकता है। पूरे मामले की गम्भीरता को देखते हुवे कोलसेवाड़ी पुलिस ने दोनों गुटों पर मामला दर्ज कर लिया है।

**पानी की समस्या से शुरू हुआ विवाद:** कल्याण पूर्व के शास्त्रीनगर इलाके में पानी की समस्या बनी हुई है। इस समस्या के समाधान के लिए स्थानीय पूर्व



नगरसेविका लगातार प्रयास कर रही थीं। दूसरी ओर, शिंदे सेना के उपशहर प्रमुख दिलीप दाखिनकर का कहना है कि उन्होंने भी इस मुद्दे को हल करने के लिए काम किया। इसी बात को लेकर दोनों के बीच विवाद हुआ, जो बढ़ते-बढ़ते कोलसेवाड़ी पुलिस थाने तक पहुंच गया।

जब इस मामले को सुलझाने की कोशिश की जा रही थी, तभी पुलिस थाने के स्वागत कक्ष में ही दोनों पक्षों के पदाधिकारी आपस में भिड़ गए। दिलीप दाखिनकर का कहना है कि मल्लेश शेट्टी ने उनके साथ मारपीट की है और उनके खिलाफ मामला दर्ज कर न्याय दिलाया जाए। वहीं, मल्लेश शेट्टी का कहना है कि उनकी भाभी के साथ दिलीप दाखिनकर और उनके कार्यकताओं ने दुर्व्यवहार किया। उन्होंने खुद किसी पर हमला नहीं किया।

**पहले भी हुआ था विवाद:** इससे पहले भी सड़क कार्यों को लेकर विवाद हुआ था, जिसमें शिंदे सेना के पूर्व नगरसेवक मोहन उगले के साथ रानी कपोते ने मारपीट की थी। इसके अगले ही दिन दाखिनकर और शेट्टी का विवाद भी मारपीट तक पहुंच गया।

महापालिका चुनाव से पहले शिंदे सेना में इस तरह के विवाद बढ़ रहे हैं, जिससे पार्टी नेतृत्व के सामने अनुशासन बनाए रखने की चुनौती खड़ी हो गई है। अब देखना होगा कि पार्टी इन घटनाओं पर क्या कदम उठाती है।

# रईस जूनियर कालेज में इको क्लब द्वारा कम्पोस्ट खाद कार्यशाला का आयोजन

**आचार्य सूरजपाल यादव**

**भिवंडी (उत्तरशक्ति)।** पर्यावरण के प्रति छात्रों में जागरूकता और पर्यावरण के प्रति जिम्मेदारी की भावना पैदा करने के लिए रईस हाई स्कूल एंड जूनियर कालेज भिवंडी में स्थापित इको क्लब के तत्वावधान में ₹कम्पोस्ट खाद बनाना₹ विषय पर एक उपयोगी कार्यशाला का आयोजन किया गया । कार्यशाला में छात्रों को कम्पोस्ट खाद बनाने के बारे में जानकारी दी गई । जिसके बाद विद्यार्थियों ने एक व्यावहारिक अभ्यास किया जिसमें उन्होंने बेहतर अपशिष्ट प्रबंधन और बागवानी के लिए प्राकृतिक खाद बनाने की प्रक्रिया के बारे में विस्तृत मालूमात हासिल की । गौरतलब है कि



रासायनिक खादों के हानिकारक प्रभावों से बचाने के लिए सबसे अच्छा विकल्प कम्पोस्ट खाद है , जिसे बनाने में बहुत कम खर्च आता है ।इस तरह यह पर्यावरण दोस्त होती हैं । कार्यशाला सय्यद एजाज हाशमी , नाजिया मोमिन मैडम और पर्यावरण शिक्षा की शिक्षिका आयशा शाह की देखरेख में आयोजित किया गया । उक्त कार्यशाला में प्रिंसिपल जियाउर रहमान अंसारी के साथ अन्य सहायक अध्यापक उपस्थित थे । आपने क्लब के छात्र सदस्यों को संबोधित करते हुए कहा कि पर्यावरण क्लब के सदस्य के रूप में आपकी जिम्मेदारी अन्य लोगों से अधिक है । यदि आपको संस्थान में कोई पर्यावरणीय अनियमितता दिखे तो उसकी ओर ध्यान दिलाए और दूसरों से अधिक पर्यावरण का सम्मान करें । उन्होंने कार्यशाला की सफलता पर विद्यार्थियों और आयोजक शिक्षकों को बधाई दिया।

# घाटकोपर में गुड़ी पड़वा शोभायात्रा का भव्य आयोजन, सुप्रिया सुले होंगी मुख्य अतिथि

**मुंबई (उत्तरशक्ति)।** महाराष्ट्र की सांस्कृतिक धरोहर को जीवंत करने वाला एक शानदार आयोजन घाटकोपर में होने जा रहा है। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरदचंद्र पवार समूह) और श्री दुर्गा परमेश्वरी सेवा मंडल के संयुक्त प्रयासों से घाटकोपर का गुड़ी पड़वा शोभायात्रा का भव्य प्रदर्शन 30 मार्च 2025 को सुबह 8:00 बजे से दोपहर 12:00 बजे तक होगा। इस समारोह की शोभा बढ़ाने के लिए राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी की राष्ट्रीय कार्याध्यक्ष और सांसद सुप्रिया सुले मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगी। यह शोभायात्रा घाटकोपर पूर्व में मराठी परंपरा और संस्कृति का एक जीवंत चित्र प्रस्तुत करेगी। ढोल-ताशों की गूंज, लेज़िम और फुगड़ी की थिरकन, पारंपरिक पालकी नृत्य और सजीव झाँकियों के साथ यह आयोजन हर किसी को मंत्रमुग्ध कर देगा। खास बात यह है कि इस बार महिलाओं के लिए विशेष बाइक रैली का आयोजन किया गया है, जो सशक्तिकरण और परंपरा के अनूठे मेल का प्रतीक होगी। इसके अलावा, फोटोग्राफी और वीडियोग्राफी प्रतियोगिता भी युवाओं को अपनी प्रतिभा दिखाने का मौका देगी।



शोभायात्रा श्री दुर्गा परमेश्वरी मंदिर से शुरू होकर गणेश मंदिर, पटेल चौक, रायगड चौक और सहकार मार्केट जैसे प्रमुख स्थानों से गुजरेगी, और झुंजार मंडल नाका पर समाप्त होगी। आयोजकों ने इस मार्ग को रंग-बिरंगे गुड़ियों और पारंपरिक सजावट से सजाने की तैयारी शुरू कर दी है। यह आयोजन केवल एक उत्सव नहीं, बल्कि महाराष्ट्र की सांस्कृतिक पहचान को संजोने और नई पीढ़ी को इससे जोड़ने का एक प्रभावी माध्यम है। सुप्रिया सुले की मौजूदगी इस समारोह को और भी खास बनाएगी, जो सामाजिक एकता और सांस्कृतिक गौरव का संदेश देगा।

मुंबई विभागीय राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी ने सभी मीडिया प्रतिनिधियों से इस ऐतिहासिक शोभायात्रा को कवर करने का आग्रह किया है। यह शोभायात्रा मराठी अस्मिता का एक शानदार उत्सव होने का वादा करती है, जो हर दिल को छू लेगी। यह जानकारी राजेश शर्मा ने दी है।

## ग्रामीण प्रतिभाओं को सशक्त बनाएगी ट्रेडबाइनरी

**मुंबई।** देश की अग्रणी टेक्नोलॉजी और कंसल्टिंग कंपनी ट्रेडबाइनरी ने महाराष्ट्र के दापोली में एक परिवर्तनकारी आईटी पहल की शुरूआत की है, जिसका उद्देश्य छोटे शहरों की छिपी हुई प्रतिभाओं को पहचानकर उन्हें वैश्विक तकनीकी मंच से जोड़ना है। पहल इस कंपनी का एक दूरदर्शी, व्यवसाय-संचालित मॉडल है जो आर्थिक विकास, कौशल संवर्धन और आईटी विकेंद्रीकरण को बढ़ावा देगा। ट्रेडबाइनरी की इस पहल का नेतृत्व कंपनी के सह-संस्थापक दर्शिल शाह और युवराज शिधये कर रहे हैं। कंपनी ने छोटे शहरों और कस्बों में मौजूद प्रतिभाओं की बड़ी संख्या में उपेक्षित क्षमता को देखते हुए यह पायलट प्रोजेक्ट शुरू किया है। इसका मकसद ऐसे योग्य लेकिन अवसरों से वंचित युवाओं को प्रशिक्षित कर उन्हें प्रतिस्पर्धी आईटी भूमिकाओं के लिए तैयार करना है। दापोली में स्थापित होने वाली नई इकाई में शुरूआती छह महीनों में स्थानीय प्रतिभाओं की भर्ती और उनका तकनीकी प्रशिक्षण किया जाएगा। उन्हें अत्याधुनिक तकनीकी कौशल और वैश्विक कार्य अनुभव प्रदान कर सशक्त बनाया जाएगा। पारंपरिक आउटसोर्सिंग मॉडल के विपरीत, यह पूरी इकाई आत्मनिर्भर होगी और प्रारंभिक आय को पुनः निवेश करके दीर्घकालिक विकास सुनिश्चित करेगी।

उत्तरशक्ति
* संपादकः ओमप्रकाश प्रजापति
* उप संपादकः प्रेम चंद मिश्रा
*प्रबंध संपादकः डा. शेषधर बिन्द
उपरोक्त सभी पद अवैतनिक है।
पत्राचार कार्यालय :
उत्तरशक्ति (हिंदी दैनिक)
मुंबई-पुणे मोटर मालक श्रमजीवन प्रिमायसेस को.सो., बी-5, ए-337 ट्रक टर्मिनल डब्लू.टी.टी. रोड, आर.टी.ओ. जवल ऑटाफ हिल वडाला, मुंबई-37
मो.- 9554493941
email ID- uttarshaktinews@gmail.com




**स्वामीः शरद फागूराम प्रजापति, प्रकाशक, मुद्रक व संपादक ओमप्रकाश रविंद्रनाथ प्रजापति** द्वारा सोमानी प्रिंटिंग प्रेस, यूनिट क्रमांक 4, तल मजला, एन.के. इंडस्ट्रियल स्टेट, आरे रोड, प्रवासी इंडस्ट्रियल एस्टेट, जवल, गेट क्रमांक 2, गोरेगांव (पूर्व), मुंबई-400063, महाराष्ट्र से मुदित एवं के-4, रूम नं. 8, ग्राउंड फ्लोर न्यू समता सहकारी को.ऑ. हां. सोसाइटी, एमएमआरडीए कॉलोनी कंजूरमार्ग (वेस्ट), जिला मुंबई- 400078, महाराष्ट्र से प्रकाशित। RNI NO. MAHHIN/2018/76092 * **संपादक- ओमप्रकाश रविंद्रनाथ प्रजापति,** विश्व समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों के लिए उत्तरदाई तथा इससे उत्पन्न समस्त विवाद मुंबई न्यायालय के अधीन होंगे।
**पत्राचार कार्यालयः** मुंबई-पुणे मोटर मालक श्रमजीवन प्रिमायसेस को.सो., बी-5 ए-337 ट्रैक टर्मिनल, डब्लू.टी.टी. रोड, आर.टी.ओ. जवल, ऑटाफ हिल, वडाला मुंबई -37, **मो.-** 9554493941 **email ID- uttarshaktinews@gmail.com**

## दुर्गेश सिंह के निधन पर श्रद्धांजलि देने पहुँचे मंत्री स्वतंत्र देव सिंह



**जौनपुर।** पूर्व सांसद एवं क्षत्रिय महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष कुंवर हरिवंश सिंह के छोटे सुपुत्र और शाहगंज के विधायक रमेश सिंह के छोटे भाई दुर्गेश सिंह के निधन पर उत्तर प्रदेश सरकार के जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने मंगलवार को उनके पैतृक आवास जौनपुर स्थित बस्ती बंदगान पहुँच कर दिवंगत आत्मा के प्रति शोक संवेदना व्यक्त करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित किया। मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने कहा की यह समाज के लिए अपूर्णीय क्षति है. इसी कड़ी मे शोक संवेदना मे पूर्व टछउ विद्यासागर सोनकर, पूर्व कर्नल रामदास द्विवेदी,वरिष्ठ भाजपा नेता रजनीश सिंह, खंड शिक्षा अधिकारी धमार्पुर राजेश कुमार वैश्य,अध्यक्ष शिक्षा संघ सुईथाकला सुधाकर सिंह, सहित समस्त प्रधान, क्षेत्र पंचायत सदस्य और क्षेत्रवासियों ने शोक संवेदना व्यक्त करते हुए ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति हेतु प्रार्थना किया।

## मड़ई में लगी आग, महिला पुरुष और जानवर काफी बुरी तरह झुलसे

**जौनपुर।** जौनपुर जिले के शेरवा के पास फिरोजपुर गांव में एक पाल परिवार की मड़ही में दो बकरियां एक गाय और गाय का बच्चा बधीं थी। मड़ही में आग लग जाने के कारण बकरी और गाय जलने लगी। महिला और बच्चें बकरी गाय को छोड़ने के लिए जैसे ही दौड़े आग की लपेट से गंभीर रूप से जख्मी हो गए, और अस्पताल में भर्ती है। जिसको मदद हेतु समाजसेवी जज सिंह अन्ना के नेतृत्व में जन प्रयास सेवा समिति के संयुक्त टीम मे बादशाहपुर के डॉक्टर विकास पाल द्वारा 11000 रुपए की आर्थिक सहायता परिवार की दवा के लिए दिया गया। वहीं जज सिंह अन्ना के द्वारा प्रशासन से मांग किया गया है कि पाल परिवार बहुत गरीब है। उनको आर्थिक सहायता प्रदान किया जाए । पाल संगठनों से आह्वान किया गया कि ऐसी स्थिति पर पाल समुदाय के बड़े-बड़े अधिकारी, डॉक्टर, इंजीनियर, संगठन आदि मिलाकर गरीब पाल परिवार का सहायता करें ।

## एंबुलेंस ने बाइक में मारी टक्कर, एक की मौत

**चित्रकूट (उत्तरशक्ति)।** तेज रफ्तार प्राइवेट एंबुलेंस ने मंगलवार सुबह बाइक में टक्कर मार दी। इससे बाइक सवार एक युवक की मौत हो गई जबकि दूसरे की हालत गंभीर है। दोनों युवक मौसेरे भाई थे। हादसे के बाद चालक एंबुलेंस लेकर मौके से भाग निकला। थाना राजापुर के कुसैली गांव निवासी जसवंत सिंह ने बताया कि उनका पुत्र सत्यम सिंह चौहान (18) बाइक से मौसेरे भाई हर्ष सिंह (18) के साथ अपने छोटे भाई अंश सिंह (11) को जवाहर नवोदय विद्यालय में परीक्षा दिलाने मानिकपुर गया था। मंगलवार की दोपहर को अंश को स्कूल में छोड़कर दोनों बाइक से काली घाटी के पार्क में घूमने चले गए थे। इसके बाद जैसे ही दोनों पार्क से बाहर निकले तभी कर्वी से मानिकपुर की ओर जा रही एक प्राइवेट एंबुलेंस ने उनकी बाइक में मार दी। इससे दोनों सड़क पर गिरकर घायल हो गए। सूचना पर पुलिस 108 एंबुलेंस से सीएचसी लेकर पहुंची। जहां सत्यम सिंह को डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। वहीं हालत गंभीर होने पर हर्ष को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। थाना प्रभारी दुर्गविजय सिंह ने बताया कि परिजनों की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

## फसल की सिंचाई करने निकले किसान का कुएं में मिला शव

**बरेली (उत्तरशक्ति)।** बरेली के क्योलड़िया क्षेत्र में सिंचाई करने गए किसान का शव मंगलवार को कुएं में पड़ा मिला। सूचना पाकर परिजनों के साथ ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। परिजनों ने ग्रामीणों की मदद से शव को कुएं से बाहर निकाला। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम को भेज दिया। क्योलड़िया थाना क्षेत्र के डंडिया सफदरअली गांव में श्रीपाल (उम्र 37 वर्ष) पुत्र गेंदनलाल खेती किसानी कर परिवार का पालन पोषण करते थे। मंगलवार की सुबह श्रीपाल अपनी पत्नी प्रियंका से गन्ने की फसल में सिंचाई करने को कहकर खेत पर चले गए। खेतों पर गए ग्रामीणों ने कुएं में श्रीपाल का शव पड़ा देखा। उन्होंने सूचना परिजनों को दी। सूचना मिलते ही परिजन रोते-बिलखते मौके पर पहुंच गए। ग्रामीणों की मदद से शव को बाहर निकाल लिया। कुछ देर बाद पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेज दिया। परिजनों ने पुलिस को अभी तक तहरीर नहीं दी है।

## ट्रेलर की चपेट में आने से बाइक सवार दो युवको की मौत

**गोरखपुर(उत्तरशक्ति)।** चिलुआताल थाना क्षेत्र के मजनू चौकी अंतर्गत कालेसर-जंगल कौड़िया फोरलेन पर कुशहरा गांव के समीप एक तेज रफ्तार ट्रेलर ने दो बाइक सवार युवक को रौंद दिया। दोनों युवकों की घटनास्थल पर मौत गई। घटना के बाद ट्रेलर चालक शेरपुर चमराह टोल प्लाजा पर वाहन खड़ा कर फरार हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया। मौत की सूचना के बाद परिजनों का रोकर बुरा हाल हो गया था। चिलुआताल थाना क्षेत्र भिटनी गांव निवासी साहिल 18 पुत्र इलियास के साथ उसकी मौसी का रामगढ़ताल के गेहूआ सागर(कजाकपुर) निवासी अरबाज खान पुत्र खुर्शीद अहमद के साथ मंगलवार की सुबह कौड़िया राम किसी कार्य के सिलसिले से जा रहे थे। कालेसर-जंगल कौड़िया फोरलेन पर कुशहरा गांव के सामने पहुंचे ही थे कि कौड़िया राम की तरफ से गलत दिशा में आ रहे ट्रेलर ने उनको अपनी चपेट में ले लिया। इस घटना में बाइक चला रहे साहिल व अरबाज को रौंदते हुए ट्रेलर भाग निकला। कुछ दूर आगे जाने पर ट्रेलर चालक ने शेरपुर चमराह टोल प्लाजा पर वाहन खड़ा कर भाग निकला। सूचना पर पहुंची मजनू चौकी पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया। पुलिस वारिश अली पुत्र स्व. याकूब अली की तहरीर पर वाहन व वाहन चालक पर केस दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई में जुट गई।

## कड़ी निगरानी में शुरू हुई परिषदीय विद्यालयों की परीक्षाएं

**गोरखपुर (उत्तरशक्ति)।** परिषदीय विद्यालयों की वार्षिक परीक्षाएं कड़ी निगरानी में सोमवार से शुरू हो गईं। पहले दिन शिक्षा विभाग के अधिकारियों ने विद्यालय का निरीक्षण कर विद्यालय में संचालित हो रही परीक्षाओं की स्थिति का जायजा लिया। परीक्षाएं 28 मार्च तक चलेंगी। इसके बाद पहली बार छात्रों का वार्षिक परीक्षा परिणाम ऑनलाइन माध्यम से जारी किया जाएगा। जिले में 25 सौ परिषदीय विद्यालयों में 2.6 लाख बच्चों ने दो पालियों में सुबह 9:30 से 11:30 बजे तक गणित, हिंदी व विज्ञान और दोपहर 12:30 से 2:30 बजे संस्कृत की परीक्षाएं हुई। विद्यालयों में इस बार प्रिंट हुए प्रश्न पत्रों के साथ उत्तरपुस्तिकाएं भी पहुंची। शिक्षकों के अनुसार प्रश्नपत्र पाठ्यक्रम के अनुसार आया था। वहीं छात्रों का कहना रहा कि गणित के प्रश्नों को हल करने में समय लगा। कक्षा आठ की गीतिका ने बताया कि विज्ञान के बड़े प्रश्नों को हल करने कठिनाई हुई। कक्षा सात के राहुल ने बताया कि प्रश्नपत्र आसान आया था, सभी प्रश्नों को हल किया है। वहीं कक्षा चार के प्रधुम और कक्षा पांच की सबिता ने हिंदी के प्रश्न पत्रों को आसान बताया। वार्षिक परीक्षाएं 28 मार्च तक चलेंगी।

# काशी में हुए 40 हजार करोड़ की 458 परियोजनाओं पर काम, 15 हजार करोड़ की परियोजनाएं निर्माणाधीन





**सुरेश गांधी**

**वाराणसी (उत्तरशक्ति)।** 2027 ही नहीं देश-प्रदेश में 2047 बीजेपी की ही सरकार बनेगी। भले ही पूरा विपक्ष क्यों न एकसाथ चुनाव लड़ लें। यह बातें उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने मंगलवार को सर्किट हाउस में प्रेसवार्ता के दौरान कहीं। हालांकि मौका था योगी सरकार के आठ साल की उपलब्धियों को गिनाने का, लेकिन जब पत्रकारों ने सवाल दागा तो भला वे कैसे टाल जाते। बिना लाग-लपेट के उन्होंने कहा, जनता अब विपक्ष के झांसे में नहीं आने वाला। यूपी में अगर सपा, बसपा, कांग्रेस सब मिलकर लड़ें फिर भी भाजपा की ही सरकार तीसरी बार बनेगी।

केशव मौर्या ने कहा कि प्रदेश सकरार के आठ वर्ष के कार्यकाल में पूरे सूबे में सर्वाधिक विकास कार्य हुए है। काशी इसका जीवंत उदाहरण है, जहां एयरपोर्ट से रोजाना हजारों यात्रियों का आवागमन है। यहां के रेलवे स्टेशन चर्चा का विषय बनते हैं। 2014 से पहले काशी बदहाली की अवस्था में थी। आज ओवर्बिरज, घाट, कॉरिडोर सहित 8 सालों में 40 हजार करोड़ की 458 परियोजनाएं पूरी की जा चुकी हैं। जबकि 15 हजार करोड़ की परियोजनाएं निमार्णाधीन हैं। हमने काशी के लिए खजाने का मुंह खोलकर रखा है। जितना हम आप सोचते हैं उससे अधिक काशी के विकास की चिंता पीएम और सीएम करते हैं।

उन्होंने कहा कि सबसे बड़ी उपलब्धि हमारी सुशासन है। 24 करोड़ प्रदेशवासियों की सुरक्षा हमारी जिम्मेदारी है। 8 लाख सरकारी नौकरियां प्रतिभा के आधार पर दिया गया। महिला सशक्तिकरण की दिशा में सफल कार्य किया गया। प्रदेश सरकार द्वारा लिए गए संकल्प को इन 8 वर्षों में सिद्धि प्राप्त किया गया। उन्होंने कहा कि विगत 8 वर्ष पहले सपा शासन में प्रदेश गुंडों, दंगाइयों का प्रदेश तो रहा ही यह बीमारू प्रदेश भी रहा, किंतु उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश को अपराध मुक्त बनाने का साथ ही विकासशील बनाया गया। देश में 25 करोड़ लोगो को गरीबी रेखा से बाहर किया गया है। जिसमें से 6 करोड़ लोग उत्तर प्रदेश के हैं। प्रदेश के 1 करोड़ 56 लाख महिलाओं को उज्ज्वला योजना से लाभान्वित किया गया।

उन्होंने बताया कि 2016 में बेरोजगारी दर प्रदेश का 18 फीसदी रहा, जो अब 2.5 रह गया हैं। हर घर नल योजना को दुनिया का सबसे बड़ा योजना बताते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश में 2 करोड़ 37 घरों को इसका कनेक्शन दिया गया है। दो करोड़ 62 लाख शौचालय व 9 करोड़ से अधिक लोगों को आयुष्मान भारत योजना में लाभान्वित कर यूपी प्रथम स्थान पर है। 66.30 करोड़ लोगों ने महाकुंभ में डुबकी लगाई। 96 लाख से अधिक सूक्ष्म और लघु उधोग स्थापित किए। एक करोड़ 88 लाख लोगों को बिजली कनेक्शन दे चुके हैं। सपा में बिजली के लिए लोग तरसते थे अब सभी जिलों में बिजली लगातार आ रही है। ट्रांसफार्मर जल जाए तो कमीशन नहीं देना पड़ता है।

एक सवाल के जवाब में डिप्टी सीएम ने कहा कि जो भ्रष्टाचार करेगा उस पर कार्रवाई होगी। कांग्रेसमुक्त भारत का काम हो ही रहा है। यूपी में कांग्रेस नहीं है। भाजपा सरकार सबका साथ सबका विकास लेकर काम कर रही है। उन्होंने कहा कि राजीव गांधी कहते थे कि हम एक रुपया भेजते हैं तो 15 पैसा पहुंचता है। वह यह बात गर्व से कहते थे। आज पीएम एक रुपया भेजते हैं तो पूरा रुपया डिजिटल के माध्यम से पहुंचता है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार में महिला शसक्तीकरण ने नई ऊंचाइयां छुई है। अन्नदाता की आय बढ़ाने के लिए कदम उठाए गए। पारदर्शी तरह से नौकरियां दी गईं। पीएम ने विकसित भारत, विकसित उत्तर प्रदेश का रोडमेप सामने रखा। उस पर सरकार लगातार काम कर रही है। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष पूनम मौर्या, महापौर अशोक तिवारी, विधायक टी. राम, विधायक डॉ अवधेश सिंह, क्षेत्रीय अध्यक्ष दिलीप पटेल, महानगर अध्यक्ष प्रदीप अग्रहरि सहित पार्टी पदाधिकारी आदि लोग प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने उत्तर प्रदेश सरकार के 8 वर्ष पूर्ण होने एवं काशी के विकास पर आधारित सूचना विभाग द्वारा प्रकाशित पुस्तक का विमोचन भी किया। इससे पूर्व कार्यक्रम स्थल पर पहुंचने पर उन्होंने सूचना विभाग द्वारा आयोजित केंद्र एवं प्रदेश सरकार की उपलब्धियां पर आधारित विधिवत पिता काटकर उद्घाटन किया तथा स्वास्थ्य, शिक्षा, पुलिस, कृषि, नेडा, ग्राम्य में विकास आदि विभागों के आयोजित प्रदर्शनियों का अवलोकन भी किया। पश्चात उन्होंने मौके पर भारी संख्या में लोगो को संबोधित करते हुए केंद्र एवं प्रदेश सरकार की उपलब्धियां पर विस्तार से प्रकाश डाला।

जनपद में पूर्व में स्थापित 130 काशी प्रेरणा कैफे के अतिरिक्त 100 नवीन काशी प्रेरणा कैफे की स्थापना हेतु एमओयू का स्थानांतरण किया। उन्होंने एसएचजी मार्केटिंग सेल वाराणसी का लोकार्पण भी किया। उन्होंने 10 निपुण स्कूल को सर्टिफिकेट प्रदान किया। पांच बच्चों को पाठ्य पुस्तक वितरण किया। राज्य स्तरीय खेल प्रतियोगिता टीम को ट्रॉफी प्रदान किया। 10 नवीन आंगनवाड़ी वर्कर को नियुक्ति पत्र भी दिए।

## मेरठ कैंट स्टेशन के पास बने धार्मिक स्थल पर बुलडोजर चलाने की मांग

**मेरठ (उत्तरशक्ति)।** मेरठ के कंकरखेड़ा में कैंट स्टेशन के पास धार्मिक स्थल पर हिंदू संगठन के लोगों ने बुलडोजर चलाने की मांग की है। जिसको लेकर हिंदू संगठन के लोगों ने सोमवार को जमकर हंगामा किया। सूचना पर सदर थाना पुलिस व प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे। अधिकारी मामले की जांच में लग गए हैं। सदर थाना क्षेत्र के कैंट स्टेशन पर अखिल भारतीय हिंदू सुरक्षा संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष सचिन सिरोही सोमवार को कार्यकताओं के साथ पहुंचे। जहां राष्ट्रीय अध्यक्ष हंगामा करते हुए कैंट स्टेशन के पास एक धार्मिक स्थल के बाहर बैठ गए।

## स्व. इंदिरा गांधी की स्मृति में मुलुंड में महिलाओं को मुफ्त साड़ी वितरण



**मुंबई।** महाराष्ट्र प्रदेश कांग्रेस सेवादल के कार्याध्यक्ष राकेश शेट्टी की संस्था राकेश शेट्टी फाउंडेशन की तरफ से पुर्व प्रधान मंत्री श्रीमती इंदिरा गांधी चौक नामफलक उद्घाटन के उपलक्ष्य में महिलाओं को मुफ्त साड़ी वितरण कार्यक्रम इंदिरा गांधी चौक, वैशाली नगर, द्वारका होटल के सामने, बालराजेश्वर रोड,मुलुंड प. पर किया गया। इस अवसर पर प्रमुख अतिथि के रूप में मुंबई कांग्रेस के उपाध्यक्ष बी.के. तिवारी, गोविंद सिंह,वरिष्ठ कांग्रेस नेता डॉ. आर.आर. सिंह, डॉ. बाबूलाल सिंह, सचिव किशोर मुंडेकल, प्रवक्ता भरत सोनी, जिला कार्याध्यक्ष उत्तम गीते, महिला अध्यक्ष लाजवंती शेट्टी, कैलाश पाटील उपस्थित रहे।

इस अवसर पर 500 महिलाओं को अतिथियों द्वारा साड़ियां वितरण किया गया। इस अवसर पर ब्लाक अध्यक्ष अरविंद यादव, के. करूणानिधि, राजन उटवाल, डॉ. आर.एम. पाल, मोहन लाल राज, शरीफ खान, बाबूराम चौधरी, रविन्द्र अग्रवाल उपस्थित रहे। आयोजन को सफल बनाने में संतोष सिंह अल्का सावला भगवान किशोर तिवारी, कमला प्रसाद यादव, निक्सन अब्दुल जब्बार का विशेष सहयोग प्राप्त हुआ।

## डीडीयू में बढ़ेंगे ऑनलाइन कोर्स, एआई का उपयोग भी



गोरखपुर। डीडीयू गोरखपुर विश्वविद्यालय में कुलपति प्रो. पूनम टंडन की अध्यक्षता में सोमवार को बैठक आयोजित हुई। इसमें उच्च शिक्षा प्रमुख सचिव एमपी अग्रवाल ने ऑनलाइन कोर्सेज, समर्थ पोर्टल, ईआरपी लॉगिन और अप्रेंटिस लिंक्ड बीबीए एवं बीसीए कोर्सेज के प्रभावी संचालन पर विचार-विमर्श किया। इसके अलावा, एआई और स्मार्ट क्लासेस के उपयोग को बढ़ाने पर भी बल दिया।

उन्होंने प्रदेश के राजकीय डिग्री कॉलेजों, एडेड एवं स्ववित्तपोषित महाविद्यालयों के प्राचार्यों के साथ नई शिक्षा नीति 2020 के अनुरूप उच्च शिक्षा के विकास एवं विस्तार पर चर्चा की। उन्होंने प्रदेश में ग्रॉस एनरोलमेंट रेशो बढ़ाने की आवश्यकता पर बल दिया और बताया कि उत्तर प्रदेश सरकार 70 नए राजकीय महाविद्यालय खोलने जा रही है, जिससे इनकी संख्या 170 से बढ़कर 240 हो जाएगी। बैठक में राजकीय डिग्री कॉलेज में हो रहे नए निर्माण की भी समीक्षा की गई। उन्होंने बताया कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए स्टेट क्वालिटी एश्योरेंस सेल के गठन किया गया है।

बैठक में प्रति कुलपति प्रो. शांतनु रस्तोगी, उच्च शिक्षा अधिकारी, विश्वविद्यालय के कुलसचिव एवं वित्त अधिकारी भी शामिल रहे। उच्च शिक्षा सचिव ने कुलपति प्रो. पूनम टंडन एवं अन्य अधिकारियों के साथ

## श्रीपति इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल में सांसद कुशवाहा ने किया कम्युनिटी सेंटर का उद्घाटन



**जौनपुर।** ग्रामीण क्षेत्रों में अच्छे स्कूल होने चाहिए ताकि ग्रामीण बच्चों को अत्याधुनिक शिक्षा प्राप्त हो सके। जनपद के मड़ियाहूं तहसील अंतर्गत स्थित गनापुर अजोसी गांव में,श्रीपति इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल एंड कॉलेज में कल्चरल एंड कम्युनिटी सेंटर तथा स्मार्ट क्लास का उद्घाटन करने के बाद उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए जौनपुर के सांसद बाबू सिंह कुशवाहा ने उपरोक्त बातें कही। उन्होंने कहा कि गांव में इसी तरह के स्कूलों की नितांत आवश्यकता है। उन्होंने बच्चों को दी जा रही उत्कृष्ट और प्रभावी शिक्षा के लिए स्कूल के संस्थापक और मैनेजिंग ट्रस्टी राजेश यादव और उनकी पूरी टीम को धन्यवाद दिया। स्कूल के चेयरमैन तथा पूर्वांचल विकास परिवार के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ.द्रिगेश यादव ने अपने स्वागत भाषण में स्कूल के बच्चों की उपलब्धियां पर प्रकाश डालते हुए बताया कि यहां के बच्चे आईआईटी और नीट परीक्षा में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा चुके हैं। उन्होंने कहा कि स्कूल प्रशासन बच्चों को उत्कृष्ट शिक्षा देने के लिए समर्पित भावना के साथ काम कर रहा है। स्कूल के संस्थापक तथा मैनेजिंग इंडस्ट्री राजेश यादव ने कहा कि कम्युनिटी सेंटर तथा स्मार्ट क्लास से विद्यार्थी बेहतर तथा प्रभावी तरीके से शिक्षा प्राप्त कर सकेंगे।

इस अवसर पर ट्रस्टी बृजेश यादव, ट्रस्टी शैलेश यादव, सुनील यादव, विमलेश यादव, गुलाब यादव, अखिलेश जायसवाल, संतोष यादव,राजमणि मौर्य, शीला दुबे, रितेश जायसवाल , शरद सिंह समेत अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन धनंजय सिंह किया तथा आभार स्कूल की प्रिंसिपल मंजू मौर्या ने किया।

## हत्या के दोषी को आजीवन कारावास और 20 हजार जुमार्ना

**आजमगढ़।** महराजगंज थाना क्षेत्र के भैरोदासपुर गांव निवासी जय प्रकाश ने 11 जून 2015 को महराजगंज थाने में लिखित तहरीर दी थी। आरोप था कि 10-11 जून 2015 की रात को भैरोदासपुर गांव निवासी आरोपी सोनू सिंह ने उनके भाई की गोली मारकर हत्या कर दी थी। इस घटना के बाद महराजगंज थाने में मुकदमा पंजीकृत किया गया। पुलिस ने जांच पूरी कर आरोपी सोनू सिंह के खिलाफ आरोप पत्र न्यायालय में दाखिल किया। मुकदमे की सुनवाई के दौरान आठ गवाहों के बयान दर्ज किए गए, जिनके आधार पर अभियुक्त के खिलाफ सबूत मजबूत हुए। 24 मार्च को अपर सत्र न्यायाधीश ने आरोपी सोनू सिंह को हत्या का दोषी पाते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई।

## शंकर आई फाउंडेशन इंडिया पटना में नए नेत्र अस्पताल पर 110 करोड़ रुपये का निवेश करेगा



**पटना (उत्तरशक्ति)।** भारत के सबसे बड़े और सबसे तेजी से बढ़ते गैर-लाभकारी नेत्र चिकित्सा सेवा प्रदाताओं में से एक, शंकरा आई फाउंडेशन इंडिया ने बिहार के पटना में अपने 15वें सुपर स्पेशियलिटी नेत्र अस्पताल की स्थापना की घोषणा की है। वर्तमान में, शंकरा आई फाउंडेशन इंडिया का नेटवर्क देशभर के 10 राज्यों में फैले 14 अस्पतालों का है। भारत में सबसे बड़े गैर-लाभकारी नेत्र चिकित्सा सेवा प्रदाताओं में से एक के रूप में, शंकरा आई फाउंडेशन इंडिया बचाव योग्य अंधत्व को रोकने और नेत्र देखभाल को मजबूत करने के अपने मिशन को आगे बढ़ा रहा है। यह अत्याधुनिक अस्पताल पटना के कंकरबाग में 1.60 एकड़ भूमि पर बनाया जाएगा। इसमें नवीनतम तकनीक से लैस सुपर स्पेशियलिटी सुविधाएं होंगी, जिससे इस क्षेत्र के लोगों को विश्व स्तरीय नेत्र देखभाल उपलब्ध होगी। इस अस्पताल का संचालन क्रॉस-सब्सिडी मॉडल (75:25) पर किया जाएगा, जिसमें भुगतान करने वाले मरीजों (25 प्रतिशत) से प्राप्त आय का उपयोग आर्थिक रूप से कमजोर 75 प्रतिशत मरीजों की मुफ्त सर्जरी का खर्च वहन करने के लिए किया जाएगा। अस्पताल में सामान्य नेत्र रोग चिकित्सा के अलावा नेत्र संबंधी विभिन्न विशेष सेवाएं भी उपलब्ध होंगी। शंकरा आई फाउंडेशन इंडिया के देशभर में फैले 14 अस्पतालों के सफल संचालन के बाद, यह पटना में अपनी सेवाएं शुरू करने जा रहा है। इस अवसर पर, पद्मश्री डॉ. आर.वी. रमणी, संस्थापक और प्रबंध ट्रस्टी, शंकरा आई फाउंडेशन इंडिया ने कहा, ”पटना में शंकरा आई अस्पताल के शुभारंभ के साथ, हम उन क्षेत्रों में विश्व स्तरीय नेत्र चिकित्सा ला रहे हैं, जहां अब तक इसकी पहुंच सीमित थी। यह अस्पताल सुनिश्चित करेगा कि बिहार में किसी भी व्यक्ति को वित्तीय या भौगोलिक बाधाओं के कारण गुणवत्तापूर्ण नेत्र चिकित्सा से वंचित न रहना पड़े।

## 180 ग्रामीणों के खातों में आई साइबर ठगी की रकम

**बदायूं (उत्तरशक्ति)।** बदायूं के उझानी कोतवाली क्षेत्र के गांव पलिया पुख्ता में साइबर ठगी का चौंकाने वाला मामला उजागर हुआ है। एक कैफे संचालक ने तकरीबन 180 ग्रामीणों के कई निजी बैंकों में खाते खोल दिए। इसके बाद इन खातों में साइबर ठगी के लाखों रुपयों का लेनदेन शुरू हो गया। जब दिल्ली के साइबर थाना पुलिस ने कई ग्रामीणों को नोटिस भेजे, तब पूरा मामला उजागर हुआ। सोमवार को ग्रामीणों ने एसएसपी कार्यालय पहुंचे। एसएसपी नहीं मिलने पर सीओ दातागंज केके तिवारी से शिकायत की। सीओ ने साइबर थाना पुलिस को जांच पड़ताल कर कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। कोतवाली क्षेत्र के गांव पलिया पुख्ता निवासी विनोद वाल्मीकि, कैलाश, धीरेंद्र, निजामुउद्दीन, विनोद, सत्यवीर, मीना देवी समेत करीब 180 ग्रामीण सोमवार दोपहर एसएसपी कार्यालय पहुंचे। यहां सीओ दातागंज केके तिवारी को सौंपे संयुक्त प्रार्थना पत्र में ग्रामीणों ने बताया कि गांव का ही एक युवक कैफे चलता है। इसके चलते ग्रामीण उसके कैफे पर ऑनलाइन संबंधी कार्य कराने के लिए आते जाते रहते है। कैफे संचालक बैंक संबंधी केवाईसी भी कर देता था।

इसका फायदा उठाकर उसने गांव के लोगों के आधार कार्ड, पैन कार्ड, फोटो समेत अन्य प्रपत्र ले रखे थे। इससे उसने निजी बैंकों में उनके खाते खोल दिए थे। खातों में लाखों का लेनदेन हो रहा था। इसकी भनक ग्रामीणों की नहीं थी। कुछ दिनों पहले विनोद, कैलाश आदि को दिल्ली के साइबर थाने से नोटिस आए, लेकिन ग्रामीणों ने इस पर गौर नहीं किया। रविवार को फिर से कुछ ग्रामीणों के पास नोटिस पहुंचे।

इस पर ग्रामीणों को आशंका हुई, उन्होंने बैंक खाते चेक कराए। इसमें किसी के खाते में डेढ़ लाख तो किसी के खाते में दो लाख से लेकर पांच तक का लेनदेन हुआ है। इससे पूरे गांव में हलचल मच गई। करीब 180 ग्रामीणों के खाते में लाखों रुपये का लेन-देन हुआ था। रविवार को ग्रामीणों ने कछला चौकी पहुंचकर पुलिस से शिकायत की। इसके बाद सोमवार को सीओ दातागंज से इस मामले की शिकायत की गई है। ग्रामीणों ने बताया कि आरोपी कैफे संचालक गांव से फरार है। गांव पलिया पुख्ता निवासी निजामुद्दीन ने अपना बैंक खाता चेक कराया। इसमें 72 लाख रुपये ट्रांसफर हुए थे। इससे वह भौंचक्के रह गए। ग्रामीणों ने कहना है कि वह अनपढ़ मजदूर है। उनके बैंक खाते में साइबर ठगी का लाखों रुपये ट्रांसफर हुए हैं। इसके चलते दिल्ली के साइबर थाने से नोटिस भेजे जा रहे। पुलिस की कार्रवाई से ग्रामीण डरे हुए हैं। बताया जा रहा है कि अभी खातों में ट्रांसफर हुए रुपयों की निकासी की जा रही है।













# अनंत नेशनल यूनिवर्सिटी के प्लेसमेंट सीजन की धमाकेदार शुरूआत



मुंबई। अनंत नेशनल यूनिवर्सिटी की क्लास 2025 के विद्यार्थियों का प्लेसमेंट बड़े ही शानदार तरीके से शुरू हुआ है। इसके आरंभिक चरण में विभिन्न सेक्टरों की 55 से ज्यादा प्रतिष्ठित कंपनियाँ भाग ले रही हैं। इन कंपनियों में पुराने और नये रिक्रूटर्स का शामिल होना इंडस्ट्री के साथ अनंत का मजबूत जुड़ाव और डिजाइन तथा आर्किटेक्चर में उसकी बढ़ती प्रतिष्ठा दिखाता है। प्रमुख रिक्रूटर्स में उद्योग के दिग्गज शामिल थे। जिसमें सिंटेक्स, हाइडसाइन, वरमोरा, सैवी इलेक्ट्रिक व्हीकल्स प्राइवेट लिमिटेड, कैंटीलिवर लैब्स, लिटरसॉफ्ट जीएमबीएच, आईआईटी कानपुर, आईआईटी गांधीनगर, आर्किटेक्ट हफीज कॉन्ट्रैक्टर, एफ1 स्टूडियोज, आईएनआई डिजाइन स्टूडियो, मैटर मोटर्स और एचसीपी डिजाइन, प्लानिंग एण्ड मैनेजमेंट प्रा. लि. मौजमद रहे। हालिया वर्षों में अनंत के विद्यार्थियों ने 125 से ज्यादा अग्रणी कंपनियों में नियुक्ति पाई है, जैसे कि फोनपे, अमर चित्र कथा, यूनाइटेड नेशंस ऑर्गेनाइजेशन, स्विगी, एक्सेंचर, टीसीएस, जनरल मोटर्स (टीसीएस डिजाइन स्टूडियो), स्टूडियो कार्बन, पीपुल डिजाइन, वनथिंग डिजाइन, लेसर्ड डिजाइन, इंक. और सैनवीयो, इंक.। यह कंपनियाँ विभिन्न सेक्टरों और इंडस्ट्री सेगमेंट्स से आती हैं, जैसे कि यूएक्स/ यूआई डिजाइन, गेम एण्ड टॉय डिजाइन, फर्नीचर एण्ड इंटीरियर डिजाइन, एनिमेशन, फिल्ममेकिंग, पैकेजिंग डिजाइन, ब्रैंड डिजाइन, ऑटोमोटिव डिजाइन, ऑगमेंटेड एण्ड वर्चुअल रियालिटी, हेल्थकेयर और आउटडोर स्पेस डिजाइन।

उद्योग के लिये तैयार पेशेवर गढ़ने के बारे में बात करते हुए, अनंत नेशनल यूनिवर्सिटी के प्रोवोस्ट डॉ. अनुनया चौबे ने कहा, अनंत में हम रचनात्मकता, विश्लेषणात्मक चिंतन और दुनिया की तार्किक समझ को बढ़ावा देते हैं। हम विद्यार्थियों को सशक्त करते हैं, ताकि वे समस्याओं को हल करने में उस्ताद बनें और स्थानीय तथा वैश्विक चुनौतियों के लिये संवहनीय समाधान तैयार करें। समस्याओं को हल करने की योग्यता को नियोक्ता बहुत महत्व देते हैं और यह वैश्विक अध्ययनों में दिखता है।

# शिवसेना शिंदे गट की शीतल कदम ने किया नियुक्ती



विरार(उत्तरशक्ति)। विरार पूर्व मनवेल पाडा शिवसेना शिंदे गट के कार्यालय में शिवसेना प्रमुख नेता और उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे, उपनेता रवींद्र फाटक, संपर्क प्रमुख मिस मारती ताई गावकर, जिला प्रमुख निलेश तेंडुलकर, तालुका प्रमुख सुदेश चौधरी, जिला संगठक शीतलताई कदम, शहर प्रमुख उमेश दादा गोवेकर के आदेशानुसार आज महिला अघाड़ी की कुछ महिलाओं को मनवेल पाडा प्रभाग में जिला संगठक शीतलताई कदम द्वारा नियुक्त किया गया। जाधव नगर, नगर सचिव रोशन चोरगे, उप नगर प्रमुख चन्द्रशेखर सातम, उपनगर संयोजक अनिता शेरखाने, उपनगर संयोजक मंगलम मोंडे, प्रभाग प्रमुख योगेश कदम, उपविभाग संयोजक सृज्या भेकेरे, उपविभाग संयोजक वैशाली भोसले, उपविभाग प्रमुख सूर्यकांत चव्हाण, शाखा प्रमुख मारुति शिंदे, किशोर आचरेकर, उपशाखा संयोजक सारिका जाधव, एवं मंडल की महिला मोर्चा पदाधिकारी एवं शिवसैनिक उपस्थित थे और ये कार्यक्रम विभागाध्यक्ष योगेश कदम की उपस्थिति में आयोजित किया गया।

# उचित दर विक्रेताओं को खाद्यान्न का 30 मार्च तक

जौनपुर (उत्तरशक्ति)। जिला पूर्ति अधिकारी ने अवगत कराया है कि राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम-2013 के अन्तर्गत माह-मार्च, 2025 के सापेक्ष आवंटित खाद्यान्न, बाजरा के निःशुल्क वितरण एवं अन्त्योदय कार्डधारकों के त्रैमास (जनवरी, फरवरी व मार्च, 2025) के सापेक्ष चीनी के वितरण की तिथि 11 मार्च 2025 से 25 मार्च 2025 तक निर्धारित की गयी थी। किन्तु कतिपय जनपदों में उचित दर विक्रेताओं को खाद्यान्न का शत-प्रतिशत वितरण न होने के कारण जनपद के समस्त लाभार्थियों को उपरोक्त वस्तुओं का वितरण 25 मार्च 2025 तक कराया जाना सम्भव नहीं हो पा रहा है। ऐसी स्थिति में शासन के द्वारा वितरण की तिथि-30 मार्च 2025 तक विस्तारित किये जाने का निर्णय लिया गया है। खाद्यान्न के निःशुल्क वितरण में पोर्टेबिलिटी ट्रान्जेक्शन की सुविधा 30 मार्च 2025 तक उपलब्ध रहेगी। विक्रेता अपने उपलब्ध स्टॉक की सीमा तक पोर्टेबिलिटी ट्रान्जेक्शन कर सकेंगे। उक्त योजना के वितरण की अन्तिम तिथि 30 मार्च 2025 होगी। अतः पूर्व निर्धारित तिथि दिनांक-25 मार्च 2025 के साथ-साथ 30 मार्च 2025 को आधार प्रमाणीकरण के माध्यम से खाद्यान्न प्राप्त न कर सकने वाले उपभोक्ताओं हेतु मोबाइल ओ.टी.पी. वेरीफिकेशन के माध्यम से वितरण सम्पन्न किया जा सकेगा। तत्क्रम में जनपद के समस्त उचित दर विक्रेताओं को निर्देशित किया जाता है कि वे पूर्व में जारी सोशल डिस्टेन्सिंग के निर्देशों का पालन कराते हुए हुए 30 मार्च 2025 तक नियमानुसार लाभार्थियों/राशनकार्डधारकों में खाद्यान्न का निःशुल्क वितरण पर्यवेक्षणीय अधिकारियों की उपस्थिति में करना सुनिश्चित करेंगे। साथ ही अपनी उचित दर दुकानों पर उक्त योजना के सम्बन्ध में इसकी सूचना चस्पा करेंगे, ताकि कोई भी पात्र लाभार्थी खाद्यान्न प्राप्त करने से वंचित न रह जाये।

# सोशल मीड़िया पर आपत्तिजनक वीड़ियो पोस्ट करने वाले अरोपी गिरफ्तार

जौनपुर (उत्तरशक्ति)। पुलिस अधीक्षक जौनपुर के निर्देश में अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों पर प्रभावी नियंत्रण हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक नगर व क्षेत्राधिकारी केराकत के दिशा निर्देशन व पर्यवेक्ष में थाना चन्दवक पुलिस टीम द्वारा दिनांक 24.03.25 को सोशल साइट पर आपत्तिजनक वीड़ियो को पोस्ट करने वाले आरोपी पियूष यादव पुत्र बड़ेलाल यादव निवासी ग्राम अटहरपार थाना चन्दवक जौनपुर को आज दिनांक 25.3.2025 को अन्तर्गत धारा 170/126/135 बी.एन.एस.एस. में गिफ्तार किया गया। आरोपी के विरूध आवश्यक कायार्वाही करके न्या0 रवाना किया गया।

# बेकाबू डंपर ने कार में टक्कर मारते हुए 6 से ज्यादा लोगों को रौंदा, दो की मौत

प्रतापगढ़। रायबरेली-जौनपुर हाईवे पर मंगलवार की शाम करीब सात बजे बड़ा हादसा हो गया। तेज रफ्तार डंपर ने कार में टक्कर मारने के बाद चाय की दुकान के पास खड़े 6 से ज्यादा लोगों को रौंद दिया। घायलों को ट्रामा सेंटर ले जाया गया, जहां पर दो लोगों को मृत घोषित कर दिया गया। रायबरेली जौनपुर हाईवे पर रानीगंज के पावर हाउस कायस्थपट्टी के पास मंगलवार की शाम एक डंपर प्रतापगढ़ की ओर जा रहा था। लिलहा के पहले विपरीत दिशा से आ रही एक कार में जोरदार टक्कर मारी। कार सवार 45 वर्षीय राधेश्याम और उनकी 25 वर्षीय बेटी आरती यादव घायल हो गए। डंपर चालक रानीगंज के कायस्थ पट्टी के पास हाईवे के किनारे किराना व अंडे व चाय की दुकान के पास खड़े लोगों को रौंदते हुए आगे बढ़ गया। इनमें प्रयागराज के रामबाबू यादव (30) व मीरजापुर के सुंदरम पांडेय (35) को ट्रामा सेंटर में मृत घोषित कर दिया गया। दोनों श्री फिन माइक्रो फाइनेंस कंपनी में काम करते थे। वहीं चार अन्य घायलों का इलाज चल रहा है। पुलिस ने पीछा कर डंपर चालक को पकड़ लिया। वह नशे में धुत था। एसओ आदित्य सिंह का कहना है कि डंपर चालक को पकड़ लिया गया है। आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# इस आईपीएल, मेन ऑफ प्लैटिनम के साथ मनाइए एमएस धोनी की अटूट विरासत का जश्न



मुंबई। आईपीएल का सीजन शुरू होते ही क्रिकेट का जुनून सबके सर चढ़ कर बोल रहा है। थाला एक बार फिर पीली जर्सी पहनने के लिए तैयार हैं, जिससे पूरे देश के फैन्स में जोश भर गया है। हर एमएस धोनी के फैन्स के लिए यह सिर्फ एक खेल नहीं, बल्कि विश्वास, धैर्य और अमर पलों से जुड़ा एक अटूट रिश्ता है। तो इस सीजन इस महान खिलाड़ी को सम्मान दें और अपने फैनडम को गर्व से पहनें मेन ऑफ प्लेटिनम एक्स एमएस धोनी सिग्नेचर एडिशन के साथ। बड़ी ही बारीकी से बना यह दुर्लभ प्लैटिनम एक ऐसा धातु है, जो क्रिकेट के इस महानायक की विरासत की तरह अटूट और अमर है।

यह सिर्फ ज्वेलरी नहीं, बल्कि एक ऐसा जरिया है जिससे फैंस अपना प्यार दिखा सकते हैं, धोनी की विरासत का जश्न मना सकते हैं और उनकी बेमिसाल भावना की निशानी को हर जगह अपने साथ ले जा सकते हैं। 95% प्लैटिनम से बने इसके हर पीस को पूरे आकर्षण, दमदार डिजाइन और बड़ी ही बारीकी से तैयार किया गया है, और साथ ही इसमें धोनी के सिग्नेचर को उकेरा गया है, जो उनके शानदार क्रिकेट के सफर का प्रतीक है। चाहे वह बोल्ड ब्रेसलेट हो, स्लीक चेन हो या स्टेटमेंट रिंग, हर डिजाइन अपनी क्लासिक सुंदरता से फैशन को मनोरंता से जोड़ता है। इस आईपीएल सीजन, अपने गेम-डे लुक को नए लेवल पर ले जाएं प्लैटिनम ज्वेलरी के साथ, जो धोनी की दिग्गज भावना को हर जगह आपके साथ रखती है।

सिग्नेचर कलेक्शन के बारे में बात करते हुए एमएस धोनी ने बताया कि, ह्लमेरे क्रिकेट के सफर के दौरान, हर चुनौती, जीत और सीख ने मुझे नया आकार दिया है। ऐसे मूल्य सिखाए हैं जो मुझे जीवन और मैदान दोनों में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करते हैं। प्लैटिनम दुर्लभ, मजबूत और हमेशा टिकने वाला धातु है, ठीक उसी तरह जैसे हर चुनौती का सामना करने के लिए चाहिए जाने वाला जज्बा। मेरे लिए, प्लैटिनम ज्वेलरी पहनना संघर्ष और सहनशीलता की याद दिलाता है। यही कारण है कि मेन ऑफ प्लेटिनम के साथ यह सहयोग मेरे लिए खास है। इस कलेक्शन का हर पीस सिर्फ एक ट्रेंड नहीं, बल्कि समय से परे एक प्रतीक है। जो धैर्य, आत्म-अभिव्यक्ति और आगे बढ़ते रहने के जुनून को दिखाता है।

यहां देखिए मेन ऑफ प्लेटिनम के एमएस धोनी सिग्नेचर एडिशन के कुछ शानदार पीस, जो पहनने वालों में भी वही महानता की भावना जगाने के लिए डिजाइन किए गए हैं। चाहे आप स्टेडियम में बैठकर टीम को चीयर कर रहे हों, किसी लाउंज में मैच का रोमांच ले रहे हों, या एक्सक्लूसिव स्क्रीनिंग होस्ट कर रहे हों। आपका गेम-डे लुक को और भी निखारने की दरकार है। इन खास ज्वेलरी पीसेस के साथ, जो कॉन्फिडेंस, स्टाइल और अटूट विनिंग स्पिरिट को दशार्ते हैं, अपने लुक को और भी खास बनाएं।

## नेपाल में विद्युत प्राधिकरण प्रमुख के खिलाफ सड़कों पर उतरे लोग

काठमांडू। नेपाल से इस वक्त की एक बड़ी खबर सामने आई है। यहां पर विद्युत प्राधिकरण प्रमुख कुलमन घीसिंग के लोगों ने हल्ला बोला है। आज शाम काठमांडू की सड़कों पर अचानक सैकड़ों की संख्या में लोग उतर गए। लोगों ने विद्युत प्राधिकरण प्रमुख कुलमन घीसिंग के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया।

# बीडीओ समेत पांच के खिलाफ मुकदमा दर्ज

धर्मेंद्र कुमार शर्मा

बदलापुर, जौनपुर (उत्तरशक्ति)। विकासखंड के चंदपुर ग्राम सभा में स्कूल की बाउंड्री वॉल निर्माण के नाम पर लाखों के फर्जीवाड़े का मामला सामने आया है। इस घोटाले में तत्कालीन जिला पंचायत राज अधिकारी, खंड विकास अधिकारी, अवर अभियंता, ग्राम प्रधान और सेक्रेटरी पर धोखाधड़ी व सरकारी धन के दुरुपयोग का मुकदमा दर्ज किया गया है। यह मुकदमा कोर्ट के आदेश पर दर्ज हुआ है। मामले में अदालत ने संज्ञान लेते हुए मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट के आदेश पर 24 मार्च 2025 को बदलापुर पुलिस को मुकदमा दर्ज कर जांच करने का निर्देश दिया। वादी राजेंद्र प्रसाद गुप्ता ने आरोप लगाया कि चंदपुर प्राथमिक विद्यालय में बाउंड्री वॉल निर्माण के लिए 2 लाख 42 हजार रुपये बैंक खाते से निकाल लिए गए। लेकिन जमीनी स्तर पर कोई काम नहीं हुआ। इतना ही नहीं, मजदूरों के नाम पर भी फर्जीवाड़ा कर लाखों रुपये की हेराफेरी की गई। मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट की अदालत ने वादी की शिकायत पर गंभीरता से विचार करते हुए तत्कालीन डीपीआरओ नत्थू लाल गंगवार, बीडीओ धर्मेंद्र कुमार मिश्रा, अवर अभियंता अजय सिंह, ग्राम प्रधान अस्मिता सिंह, सेक्रेटरी अनूप कुमार सिंह के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज करने का आदेश दिया। इन सभी पर धोखाधड़ी, कूटरचित दस्तावेज तैयार करने, सरकारी धन के दुरुपयोग और भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप लगाए गए हैं इस घोटाले के उजागर होने के बाद प्रशासनिक हलकों में हड़कंप मचा हुआ है। बदलापुर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। यह पहला मामला नहीं है जब सरकारी योजनाओं में भ्रष्टाचार की शिकायतें आई हैं। ग्रामीण इलाकों में विकास कार्यों में अनियमितताओं की शिकायतें लगातार सामने आती रही हैं। अब देखना होगा कि पुलिस इस घोटाले की जांच में क्या नए खुलासे करती है और दोषियों के खिलाफ क्या कार्रवाई होती है।

# रूस और यूक्रेन ने मानी अमेरिका की बात, काला सागर में जहाजों पर हमले से बचने पर जताई सहमति सहमत

मॉस्को। संयुक्त राज्य अमेरिका और यूक्रेन ने सुरक्षित नौवहन सुनिश्चित करने और बल प्रयोग को समाप्त करने के साथ काला सागर में सैन्य उद्देश्यों के लिए वाणिज्यिक जहाजों के उपयोग को रोकने पर सहमति व्यक्त की है। इस बात की जानकारी अमेरिका की ओर से मंगलवार को दी गई। व्हाइट हाउस ने एक बयान जारी कर कहा कि संयुक्त राज्य अमेरिका और यूक्रेन इस बात पर सहमत हुए हैं कि संयुक्त राज्य अमेरिका युद्धबंदियों के आदान-प्रदान, नागरिक बंदियों की रिहाई और जबरन स्थानांतरित यूक्रेनी बच्चों की वापसी में मदद करने के लिए प्रतिबद्ध है। रूस ने मंगलवार को कहा कि वह काला सागर में जहाजों की सुरक्षा पर एक नए समझौते पर हस्ताक्षर करने को तैयार है, लेकिन तभी जब अमेरिका, यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की को इसका सम्मान करने का आदेश दे। यह समझौता रूस-यूक्रेन के बीच युद्धविराम की राह का एक संभावित कदम है। रूस के विदेश मंत्री सर्जेई लावरोव ने कहा कि केवल ऐसा ही आदेश रूस के लिए जरूरी भरोसा दिलाने का काम करेगा। हमें पूरी गारंटी चाहिए और कीव के साथ समझौते के बुरे अनुभव को देखते हुए इसकी गारंटी वाशिंगटन से जेलेंस्की और उनकी टीम को दिया गया आदेश ही हो सकता है, जिसमें स्पष्ट बताया गया हो कि क्या करना है और क्या नहीं। उन्होंने कहा कि मुझे लगता है कि हमारे अमेरिकी सहयोगियों को यह इशारा मिल गया है। उन्हें पता है कि आतंकी हमले, लोगों के घरों-दुकानों और सैन्य-औद्योगिक कॉम्प्लेक्स से संबंध ना रखने वाले ऊर्जा संयंत्रों पर हमले रोकने पर ही वाशिंगटन को सकारात्मक नतीजा मिल सकता है। रूस ने दावा किया है कि सोमवार को यूक्रेन द्वारा निशाना साधकर किए गए हमले में दो पत्रकारों समेत छह लोगों की मौत हो गई। यह हमला मास्को के नियंत्रण वाले यूक्रेन के लुहांस्क प्रांत में किया गया था। रूसी विदेश मंत्रालय के अनुसार, हमले में रूस के इज्वेस्टिया मीडिया के युद्ध कवर करने वाले पत्रकार एलेक्जेंडर फेडोरचक के साथ ज्वेज्दा टीवी चैनल के कैमरामैन

# शहीद दिवस पर विनोबा भावे के अनुयायी को मिला मुम्बई गौरव सम्मान

लाल शेखर सिंह

मुम्बई (उत्तर शक्ति)। अँधेरी पूर्व स्थित रमेश मोरे चौक पर जीवन ज्योत प्रतिष्ठान एवं जनशक्ति फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में शहीद दिवस पर शहीदे आजम भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरू सहित राष्ट्र सेवा में अपने प्राणों की आहुति देने वाले समस्त रणबांकुरे बलिदानियों को नमन करते हुए श्रद्धांजलि देने और समाज सेवा में विशेष योगदान देने वालो को सम्मानित करने के उद्देश्य से एक शाम शहीदों के नाम कार्यक्रम आयोजित किया।इस कार्यक्रम में देश भक्ति गीतों की प्रस्तुति के बीच भारी संख्या में उपस्थित लोगों ने शहीदों के प्रति श्रद्धा सुमन अर्पित किया।इस बीच 1954 में सरकारी नौकरी से इस्तीफा देकर भूदान यज्ञ आंदोलन में अहम भूमिका निभाने वाले गोहत्या बंदी के लिए देवनार कत्लखाने के समक्ष 30 वर्षों तक चलने वाले सत्याग्रह के प्रमुख अंग रहे विनोबा भावे के विचारों की अलख जगाने वाले 90 वर्षीय अलखनारायण



चतुर्वेदी सहित सुप्रसिद्ध टी. व्ही. एवं फिल्म कलाकार के. के. गोस्वामी और पत्रकार जयप्रकाश सिंह को भी उनके उल्लेखनीय कार्यों के लिए स्मृति चिन्ह और अंगवस्त्र देकर मुम्बई गौरव सम्मान से पुरस्कृत किया गया। भूदान आंदोलन की अखंड उत्तर प्रदेश यात्रा,स्वच्छ काशी अभियान, 30 वर्षों तक देवनार में गोहत्या बंदी सत्याग्रह में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले अलखनारायण चतुर्वेदी जिन्हें उत्तर प्रदेश के तत्कालीन मुख्यमंत्री हेमवती नंदन बहुगुणा द्वारा गठित कैबिनेट स्तरी उत्तर प्रदेश भूमि व्यवस्था समिति में वाराणसी शाखा में सदस्य मनोनीत गया था। अलखनारायण चतुर्वेदी के बारे में दिनेशप्रताप सिंह ने मंच से समाज और राष्ट्र हित मे किये गए उनके कार्यों का उल्लेख सुनते ही उपस्थित अपार जन समूह खड़े होकर करतल ध्वनि से उनका स्वागत किया।जन शक्ति फाउंडेशन के अध्यक्ष जयसिंह ने अलखनारायण जी के सम्मान को अपने और अपनी संस्था के लिए गौरव का क्षण बतलाया। गौरतलब है कि, जनशक्ति फाउंडेशन के अध्यक्ष जयसिंह विगत 15 वर्षों से शहीदों को आदरांजलि देने के लिए इस कार्यक्रम का आयोजन निरंतर करते चले आ रहे हैं। प्रमुख अतिथि के रूप में पधारे अँधेरी पूर्व के विधायक मुरजी पटेल ने कहा कि स्वतंत्रता हेतु शहीदों की शहादत हमारे ऊपर किया गया सबसे बड़ा उपकार है,हमें सर्वकाल इनका कृतज्ञ होना चाहिए। आजाद हाकर्स यूनियन के संस्थापक अध्यक्ष दयाशंकर सिंह ने ऐसे आयोजन को समाजसेवा और राष्ट्र भक्ति का प्रेरक बतलाते हुए नितांत आवश्यक बतलाया। शहीद दिवस के इस कार्यक्रम में भारतीय सद्विचार मंच के अध्यक्ष डॉ शिवश्याम तिवारी,भाजपा नेता अशोक पाण्डे,बाबा यादव, बाबा तिवारी, हम रामजी के रामजी हमारे हैं-सेवा ट्रस्ट के मुम्बई प्रधान सुप्रसिद्ध समाज सेवक गणेश अग्रवाल, आर. टी .आई. कार्यकर्ता व न्यूज वॉल्यूम के संपादक राजू राठौर, समाज सेवक प्रमोद श्यामाचरण पाण्डे,मुम्बई चित्रपट शाखा के अध्यक्ष मनसे नेता विशाल हलदनकर,पत्रकार उत्तम पाण्डे शैलेष परब,रमेश चौबे,रूपेश दांडेकर, मनोज व्यास,आनंद शुक्ला,सुशील मिश्रा, दिनेश यादव, पंकज मिश्रा, सुनीता पांडे, सलमा शेख आदि सहित भारी संख्या में लोग उपस्थित थे। यह जानकारी वरिष्ठ पत्रकार लाल शेखर सिंह ने दी है।

# अग्रहरि विकास सेवा संस्था द्वारा होली स्नेह मिलन समारोह संपन्न




राजकुमार अग्रहरि

भयंदर (उत्तरशक्ति)। अग्रहरि विकास सेवा संस्था द्वारा 23 मार्च 2025 को मिरा रोड भायंदर पूर्व में होली स्नेह मिलन समारोह बड़े हर्ष उल्लास के साथ मनाया गया। बता दें कि महानगर व उपमहानगरों में रह रहे अग्रहरी वैश्य समाज के लोगों ने परिवार के साथ रहकर अपनी मेहनत व काबिलियत के दम पर परचम लहराते हुए अपनी एक अलग पहचान बनाई है। प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी होली स्नेह मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस आयोजन में आए हुए लोगों ने मिरा रोड-भाईंदर में पहुंच कर कार्यक्रम को सफल बनाया। अग्रहरि सेवा संस्था के नवीं मुंबई से आये हुये मान्यवर ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया और कार्यक्रम कि शोभा बढ़ाई महिलाओं नों भी होली का बड़ा आनंद लिए। आये हुए सभी मान्यवर गणों का स्वागत राष्ट्रीय संरक्षक राजेश हीरालाल अग्रहरि , अध्यक्ष मुन्ना राजाराम अग्रहरि वाशी, अशोक कुमार अग्रहरि वाशी कमेटी, सर्वेश अग्रहरि दादर कमेटी, शुशील कुमार अग्रहरि वसई विरार कमेटी , अनिल कुमार अग्रहरि, कमलेश अग्रहरि खार कमेटी , शीतला प्रसाद अग्रहरि, सायन कमेटी, सुनिल कुमार अग्रहरि माटुंगा कमेटी, सुभाष अग्रहरि नासिक कमेटी, रामनारायण अग्रहरि सायन कोलीवाड़ा कमेटी, मथुरा प्रसाद अग्रहरि, सुजीत कुमार अग्रहरि, पंचायत सभा दादर कमेटी, और इस कार्यक्रम के आयोजक लक्ष्मी नारायण अग्रहरि (पदुम ) ने कमेटी के सभी पदाधिकारीयों का एवं अग्रहरि बंधूओं का स्वागत व अभिनंदन किया उस अवसर पर दैनिक उत्तर शक्ति समाचार पत्र के पत्रकार राजकुमार अग्रहरि व ओम वैश्य उपस्थित थे। आये हुए सभी अतिथियों स्वागत एवं अभिनन्दन किया गया।

# यूपी में 12वीं पास के लिए सरकारी नौकरी का सुनहरा मौका

लखनऊ। "मिशन रोजगार" के तहत योगी सरकार शीघ्र ही वन रक्षक व वन्यजीव रक्षक के पदों पर भर्ती करने जा रही है। वन विभाग ने 708 पदों पर भर्ती के लिए उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग को अधियाचन भेज दिया है। इनमें से 380 पद अनुसूचित जाति व अन्य पिछड़ा वर्ग के अभ्यर्थियों के लिए विशेष चयन के भी हैं। अब शीघ्र ही आयोग इन पदों पर भर्ती का विज्ञापन जारी करेगा। इसमें भर्ती के लिए इंटरमीडिएट की परीक्षा उत्तीर्ण करने के साथ ही 18 से 40 वर्ष के युवा परीक्षा में शामिल हो सकते हैं।

वन रक्षकों की भर्ती के लिए लिखित परीक्षा के साथ ही शारीरिक दक्षता परीक्षा भी होगी। वन रक्षक एवं वन्यजीव रक्षक समूह "ग" के पद होते हैं। यह अग्रिम पंक्ति के कर्मचारी होते हैं जो वन प्रबंधन के कार्यों के साथ ही वन सुरक्षा के कार्य करते हैं। इन्हें लेवल-2, वेतनमान 19900 से 63200 रुपये मिलता है। प्रदेश में वन रक्षकों के कुल 3647 पद हैं, इनमें सीधी भर्ती के 2917 व पदोन्नति के 730 पद हैं। विभाग में रिक्त चल रहे कुल 708 पदों में भर्ती की तैयारी है। इनमें 647 वन रक्षक व 61 वन्य जीव रक्षक के पद शामिल हैं। इनमें वन रक्षकों के 329 व 51 पद वन्यजीव रक्षकों के विशेष चयन यानी अनुसूचित जाति व अन्य पिछड़ा वर्ग से भरे जाएंगे।

# गर्मियों के सीजन में लोगों के लिए सुझाव



(उत्तरशक्ति)

गर्मियों के सीजन में लोग घर से बाहर ज्यादा समय बिताते हैं. हर कोई लंबे गर्मी के दिनों का इंतजार कर रहा है, लेकिन क्या आपको पता है गर्मियों में स्किन केयर बहुत ज्यादा जरूरी है. एक समर स्किन केयर रुटीन बनाना भी जरूरी है. क्या आप जानते हैं कि अगर आप सतर्क नहीं हैं तो गर्मियों में बहुत सी चीजें आपकी त्वचा पर कहर बरपा सकती हैं. स्किन के लिहाज से गर्मियों में सबसे खराब समय होता है.

गर्मियों के लिए स्किन केयर टिप्स :

1. अतिरिक्त तेल को हटाने के लिए फेस वाश करें :-

गर्मी के मौसम में ऑयली स्किन ज्यादा ऑयली हो जाती है। इससे बचने के लिए जरूरी है कि आप अपनी स्किन के अनुकूल फेस वॉश का इस्तेमाल करें। फेस वॉश गहराई में जाकर स्किन को साफ करता है, और हर तरह की धूल और गंदगी को बाहर निकालता है।

2) सनस्क्रीन लगाएं -

सूरज की अल्ट्रा वायलेट- ए और अल्ट्रा वायलेट- बी किरणें हमारी स्किन का बुरा हाल कर देती हैं। यह ना सिर्फ स्किन को टैन करती हैं, बल्कि इससे उम्र से पहले त्वचा पर झुर्रियां भी दिखने लगती हैं। ऐसे में 30-50 एसपीएफ युक्त ऑयल फ्री सनस्क्रीन का इस्तेमाल करना जरूरी है। यह सन डैमेज से आपकी स्किन को बचा कर आपके रोमछिद्रों को भी बंद होने से रोकता है।

बेहतर तो यह होगा कि आप सनस्क्रीन के इस्तेमाल को अपनी स्किन केयर रूटीन का हिस्सा बना लें। अगर आप स्विमिंग के लिए जाते हैं तो आपको कई बार सनस्क्रीन अपनी स्किन पर लगाना चाहिए.

3) एक्सफोलिएटिंग फेसवॉश सप्ताह में एक बार :

एक्सफोलिएटिंग फेसवॉश का इस्तेमाल करें सप्ताह में एक बार, साथ ही डेली क्लीनजिंग करने पर भी ध्यान दें।

4) मॉइश्चराइजर करना न भूलें

इस दौरान कई लोग मॉइश्चराइजर अवॉइड करना शुरू कर देते हैं। जबकि यह स्किन केयर का जरूरी स्टेप होता है। गर्मियों में आपको लाइट या वॉटर बेस मॉइश्चराइजर का इस्तेमाल करना चाहिए। जिससे स्किन ऑयली और डल न लगे। इसके साथ ही

4) वॉटर इंटेक ज्यादा रखें : स्वेटिंग ज्यादा होने से वॉटर लॉस ज्यादा हो जाता है। इसलिए शरीर को पर्याप्त हाइड्रेटेड रखने की जरूरत होती है। गर्मियों के दौरान आपको वॉटर इंटेक ज्यादा रखना चाहिए। इसके लिए आप फ्रेश फ्रूट जूस और नारियल पानी को भी डाइट में शामिल कर सकती हैं।.

5) दिन में दो बार स्नान करें: गर्मी के दिनों में अच्छी हाइजीन जरूरी है। अगर आप दिन में दो बार नहाते हैं तो यह आपकी बॉडी को कूल रखने में मदद करता है। सुबह और रात को सोने से पहले नहाने से दिन भर में आपकी बॉडी में जमा गंदगी और पसीना निकल जाता है। इस तरह से आपकी बॉडी में रैश नहीं होता है।

6 ) अपनी त्वचा को हाइड्रेटेड रखें - Keep Your Skin Hydrated हम सब जानते हैं कि हाइड्रेशन स्किन के लिए भी बहुत जरूरी है, बावजूद इसके कई बार इसे अनदेखा कर जाते हैं। गर्मियों में तो हाइड्रेशन और ज्यादा जरूरी हो जाता है, खासकर सोते समय ।इसलिए रात को सोने से पहले आप अपनी स्किन को साफ करें.

-डॉ. मोना त्रिवेदी (बॉम्बे)

# जोगेश्वरी पश्चिम में सार्वजनिक मुफ्त चिकित्सा शिविर संपन्न




मुंबई। मंगलवार को समाज विकास सेवा संघ और पश्चिम जोगेश्वरी सार्वजनिक गणेशोत्सव मंडळ के सामूहिक प्रयास से जोगेश्वरी पश्चिम स्थित पाटिलवाडी सार्वजनिक गणेशोत्सव मंडळ के प्रांगण में सभी आम जनता के लिए सार्वजनिक मुफ्त चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में जनता नें मुफ्त डेंटल चेकअप, बी. पी., शुगर, ब्लड ग्रुप, 7-18, स्प्यूटम टेस्ट, हीमोग्लोबिन टेस्ट और मुफ्त डॉक्टर सलाह व दवाइयाँ जैसी अत्यावश्यक स्वास्थ्य विषयक सुविधाओं का लाभ लिया । सभी स्वास्थ्य लाभार्थियों नें इस आयोजन को खूब खूब सराहा और धन्यवाद किया । शिविर दोपहर के 1 बजे से शाम 4 बजे तक चला । शिविर कार्यक्रम की शुरूवात बी. एम. सी. के जिल्हा क्षयरोग अधिकारी डॉ सुनील सावलकर, डॉक्टर के.स.यादव और शिवसेना उद्धव शाखा प्रमुख एकनाथ करकर के शुभ हाथों से किया गया। उन्होंने इस आयोजन को खूब सराहा और इस प्रकार के आयोजन जिससे जनता को अधिक से अधिक सहयोग और लाभ मिल सके उसे और अधिक बढ़ाने का आव्हान किया । इस आयोजन में डॉक्टर्स फॉर यू संस्था के डॉ अनवर शेख MBBS और डॉ रमीया एस. का पूरा सहयोग रहा। कार्यक्रम में शिवसेना उद्धव ठाकरे पार्टी के वसोर्वा ग्राहक संरक्षण कक्ष प्रमुख रविंद्र चिळे, पश्चिम जोगेश्वरी सार्वजनिक गणेशोत्सव मंडल के अध्यक्ष व शिवसेना उद्धव ठाकरे उप शाखप्रमुख तुषार लक्ष्मण राउत नें और हिंदुस्तान डेली न्यूज के रिपोर्टर नईम शेख व विश्वहिंदू परिषद के पदाधिकारी अंकुर यादव जी अपनी उपस्थिति देकर सभी कर्यकर्ताओं का उत्साह बढाया ।

संपूर्ण कार्यक्रम हरिश्चंद्र लाडू, राजन नागवेकर और बालकृष्ण यादव जी के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ । कार्यक्रम के आयोजन में अथक प्रयास करने वाले समाज विकास सेवा संघ के महासचिव कन्हैयालाल यादव और डॉ के. एस. यादव भी उपस्थित रहे और अपने मार्गदर्शन में कार्यक्रम को सफलतापूर्वक संपन्न कराया। कार्यक्रम के अंत में कन्हैयालाल यादव ने आए हुए सभी लोगों का कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए धन्यवाद प्रकट किया।

## 42 किलोग्राम गोमांस व चापड़ के साथ दो महिला व तीन पुरुष आरोपी गिरफ्तार

जौनपुर (उत्तरशक्ति)। पुलिस अधीक्षक जौनपुर द्वारा जनपद में अपराध की रोकथाम व अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे सघन अभियान के क्रम में, अपर पुलिस अधीक्षक नगर के निर्देशन व क्षेत्राधिकारी शाहगंज के पयेर्वेक्षण में थाना सरपतहां पुलिस द्वारा ग्राम भटौली में 42 किलोग्राम गोमांस मुण्ड सहित, ,03 बड़ा चापड व 6 छोटा चापड़ के साथ 02 महिला व 03 पुरुष आरोपी को गिरफ्तार किया गया। बरामदगी व गिरफ्तारी के आधार पर मु0अ0सं0 झ 61/2025 धारा 3/5/8 गोवध निवारण अधिनियम थाना सरपतहां जौनपुर विरुद्ध 1राजेश नोना 2.बबलू नोना 3.प्यारे नोना 4.उषा देवी 5.अनीता नोना 6-सुरेश उर्फ नाटे 7.राहुल नोना पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।